RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-355 जयपुर, शनिवार, 20 जून 2026 मूल्य-4 रूपये

## रिश्वत लेते निगम का पशुधन निरीक्षक गिरफ्तार

**जयपुर।** एसीबी ने नगर निगम जयपुर में तैनात पशुधन निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई (एसआईयू) ने शुक्रवार को पशु प्रबंधन शाखा के पशुधन निरीक्षक सुरेंद्र कुमावत को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। आरोपित ने एक चिकन शॉप का लाइसेंस जारी करने के बदले परिवादी से छह हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार एसीबी की एसआईयू चौकी को शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी की चिकन शॉप का लाइसेंस जारी किए जाने के बाद भी लाइसेंस की एवज में अवैध रूप से 6 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर उसे परेशान किया जा रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाकर आरोपित पशुधन निरीक्षक सुरेंद्र कुमावत को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-पैदल चलने वालों को परेशानी समझते हैं ड्राइवर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि तय फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर की बेंच ने एक अहम फैसले में कहा कि तय रास्तों पर मोटर गाड़ियों के मुकाबले इस अधिकार को प्राथमिकता दी जाएगी।

बेंच ने कहा कि इस अधिकार के तहत अगर सड़क है, तो यह पक्का करना भी ड्यूटी है कि पैदल चलने वालों के लिए तय और अच्छी तरह से मेंटेन किए गए फुटपाथ हों।

यह फैसला एक एक्सीडेंट केस में आया, जिसमें एक पिता ने अपने 5 साल के बेटे को खो दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मुआवजे की रकम बढ़ाकर 11,44,628 रुपए कर दी। और इसे कम करने वाले हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया।

# राजस्थान में टेलीग्राम पर नीट का फर्जी पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

### राजस्थान में अमेरिकी नेटवर्क यूज कर रहा था टेलीग्राम पर रोक जारी रहेगी: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली

टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से नीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है।

उधर, टेलीग्राम पर नीट री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था।

वहीं, नीट री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे।

नीट परीक्षा को सुरक्षित बनाने के लिए शनिवार सुबह 9 बजे से लेकर रात तक मॉक ड्रिल चलाई जाएगी। NTA ने सभी एग्जाम सेंटर्स को पहले ही अपने हैंडओवर में ले लिया है। इस मॉक ड्रिल में देशभर के करीब 2.5 लाख सुरक्षाकर्मी शामिल रहेंगे।



### केंद्र के पास रोक लगाने का अधिकार

*दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर कहा, सरकार के पास आईटी एक्ट की धारा 69 के तहत बैन लगाने का अधिकार है।' जस्टिस तेजस कारिया ने कहा, 'इस मामले पर कोर्ट की रिव्यू कमेटी ने भी सरकार के फैसले की जांच की थी। सरकार ने पूरी समझदारी से काम लिया है, इसमें किसी तरह की जल्दबाजी या लापरवाही नहीं दिखती।' गुरुवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।*

### री-नीट के फर्जी-पेपर की टेलीग्राम पर कर रहा था डील

री-नीट के फर्जी पेपर बेचने के आरोप में पकड़े गए युवक आकाश ने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आकाश ने 4 हजार में री-नीट के फर्जी पेपर का सौदा किया था। पेमेंट के लिए अपना अकाउंट नंबर और क्यूआर कोड भेजा था।

आरोपी के बैंक अकाउंट में 18 हजार रुपए भी मिले है। हालांकि अब तक किन-किन लोगों ने उसे कितना अमाउंट ट्रांसफर किया है, इसकी बैंक डिटेल के आधार पर जांच की जा रही है। शुक्रवार को पुलिस ने आकाश को कोर्ट में पेश कर 22 जून तक रिमांड पर लिया है। मामले में एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। हालांकि फिलहाल आरोपी के मोबाइल और लेपटॉप को जब्त कर लिया गया है और हार्ड ड्राइव की भी जांच की जा रही है, जिससे नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों को भी पकड़ा जा सके।

### राजस्थान में री-नीट सेंटर्स पर जैमर लगाए

**अलवर/उदयपुर/अजमेर**

देशभर में 21 जून को री-नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट होगा। राजस्थान के कुल 25 जिलों में 577 सेंटर्स पर 2.09 लाख स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे। सेंटर पर HD क्वालिटी वाले सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए गए हैं, जिससे आस-पास 50 मीटर तक नेटवर्क भी काम नहीं करेगा। श्रीगंगानगर में एग्जाम के दिन नो एंट्री जोन रहेगा।

एग्जाम को देखते हुए रेलवे ने 7 स्पेशल ट्रेन भी चलाने का फैसला लिया है। रेवाड़ी-बठिंडा, बाड़मेर-भगत की कोठी, भगत की कोठी-जयपुर, मदार-रेवाड़ी, रेवाड़ी-जयपुर, जोधपुर-सांगानेर, बीकानेर-ढेहर का बालाजी के बीच एग्जाम स्पेशल ट्रेनें चलेंगी।

एग्जाम 21 जून (रविवार) दोपहर 2 बजे शुरू होगा। सुबह 11 बजे से एंट्री शुरू हो जाएगी।

## श्रीगंगानगर यूआईटी-सचिव को निलंबित करने के निर्देश

### सीएम ने सांगानेर सीईटीपी के पम्पिंग स्टेशन काम में देरी पर भी नाराज

जयपुर



सीएम भजनलाल शर्मा ने श्रीगंगानगर जिले में यूआईटी सचिव सहित आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। श्रीगंगानगर जिले में एक ही जमीन के दो पट्टे जारी करने और जनसुविधा के लिए आरक्षित जमीन पर व्यावसायिक पट्टे जारी किए जाने के मामले में सीएम ने यह कार्रवाई की। साथ ही सीएम भजनलाल ने सांगानेर में सीईटीपी के पम्पिंग स्टेशन और पाइप लाइन के काम में देरी पर भी नाराजगी जताई। सीएम ने कहा- अधिकारी मौके पर जाकर मुआयना करें और जल्द काम पूरा करवाएं। सीएम शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की छठी बैठक में विभिन्न योजनाओं और अभियानों की समीक्षा कर रहे थे।

सीएम ने कहा- पानी, बिजली, चिकित्सा, सड़क सहित जनसुविधाओं से जुड़े किसी भी काम में प्रशासनिक लापरवाही और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन कामों के टेंडर प्रक्रिया में किसी भी कारण से रुकावट आई तो अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दवाई खरीद के लिए कमेटी गठन के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा- जिला कलेक्टर सेवा शिविरों के माध्यम से अतिक्रमण और राजस्व प्रकरणों का निपटारा करें, ताकि आमजन को सालों पुरानी समस्याओं से भी राहत मिल सके। उन्होंने मानसून को देखते हुए जिला कलेक्टर को आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले नालों की साफ-सफाई और सड़कों के पेचवर्क संबंधी काम पूरे किए जाएं। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियां पहले ही कर ली जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को बड़ी परियोजनाओं की मासिक समीक्षा करने और सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की खरीदारी व उपलब्धता के संबंध में कमेटी के गठन के निर्देश दिए।

## राजस्थान में प्री मानसून सक्रिय, कोटा सहित कई शहरों में आंधी-बारिश

जयपुर

प. विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान में बारिश और आंधी का दौर जारी है। शुक्रवार को प्रदेश के आधा दर्जन शहरों में आंधी-बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकांश शहरों के तापमान में 2 से 5 डिग्री तक की गिरावट आई। कोटा में प्री-मानसून की बारिश से गर्मी कम हो गई है। शुक्रवार दोपहर को तेज हवाओं के साथ बादल छाए और कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई।

अलवर को छोड़कर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के दौरान प्रदेश के 16 शहरों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 60 से 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण पिछले 24 घंटों में राज्य के कई क्षेत्रों में मेघगर्जन के साथ बारिश हुई है।




## अमेरिका-ईरान के बाद इजराइल-हिजबुल्लाह में भी सीजफायर

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान

अमेरिका और ईरान के पीस डील के बाद इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम पर सहमति बन गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच सीजफायर शुक्रवार शाम 4 बजे स्थानीय समय (भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे) से लागू हो गया है।

एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका और कतर के वार्ताकारों ने ईरान की मदद से यह समझौता कराया। गुरुवार को हुई गोलीबारी के बाद दोनों पक्ष लड़ाई रोकने पर राजी हुए।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने कहा, 'हम नहीं, ईरान मजबूरी में बातचीत की टेबल पर आया। वह खत्म हो चुका है। हम 60 दिन की प्रक्रिया पूरी करेंगे और उसे एक डॉलर भी नहीं मिलेगा।



ट्रम्प ने एक अन्य पोस्ट में दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत बुरी तरह कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उसके पास अब एयरफोर्स, नौसेना, एयर डिफेंस सिस्टम और रडार जैसी क्षमताएं लगभग नहीं बची हैं।

### जंग खत्म कराने की जिम्मेदारी अमेरिका की

ईरान ने कहा है कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर जंग खत्म कराने की जिम्मेदारी अमेरिका की है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बातचीत में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि, अगर समझौते का उल्लंघन होता है, तो उसके लिए भी अमेरिका जिम्मेदार होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी किसी भी कार्रवाई के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### ट्रंप के दावे पर भड़कीं मेलोनी

## इटली और मैं कभी भीख नहीं मांगते

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बयान पर नाराजगी जाहिर की है। ट्रम्प ने दावा किया था कि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मेलोनी उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए बेताब थीं। इस पर मेलोनी ने कहा कि ट्रम्प की यह कहानी पूरी तरह झूठी और मनगढ़ंत है। मेलोनी ने कहा, मैं हैरान हूं। समझ नहीं आता कि अमेरिका के राष्ट्रपति अपने सहयोगियों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों करते हैं। एक बात उन्हें याद रखनी चाहिए- न मैं और न ही इटली कभी किसी के सामने गिड़गिड़ाते हैं।

## जियो का आईपीओ आएगा, यह देश में सबसे बड़ा

### 27 करोड़ शेयर से 37,700 करोड़ जुटाने का प्लान

मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं सालाना बैठक, यानी AGM शुक्रवार, 19 जून को हुई। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने करीब 44 लाख शेयरहोल्डर्स को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कंपनी यूरोप और अफ्रीका के मार्केट में एंट्री कर रही है। वहीं, कंपनी जियो का IPO भी लाने जा रही है। अंबानी बताया कि जियो प्लेटफॉर्म्स का IPO लाया जाएगा। इसके लिए 19 जून को सेबी के पास ड्राफ्ट दस्तावेज जमा कर दिए गए हैं। कंपनी 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी और IPO के जरिए करीब 4 बिलियन डॉलर यानी 37,700 करोड़ जुटाने की योजना है। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा IPO बन सकता है। हालांकि शेयरों की कीमत क्या रहेगी, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है। इसके अलावा रिलायंस फाउंडेशन मुंबई में एक बड़ी अर्बन ग्रीन सेंक्चुरी का प्रोजेक्ट 'कोस्टल गार्डन' के नाम से लाएगा।

### अभिषेक बनर्जी के पहुंचने से पहले कोलकाता एयरपोर्ट पर बवाल

## बीजेपी-टीएमसी कार्यकर्ताओं में मारपीट

कोलकाता

कोलकाता एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान एक महिला बेहोश हो गई।

टीएमसी कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का स्वागत करने एयरपोर्ट पहुंचे थे, जो दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर लौट रहे थे।



अभिषेक के एक समर्थक ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े कुछ लोग एयरपोर्ट पर आए और त्रस्ष्ट कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी करने लगे। समर्थक का दावा है कि उनके हाथों में अंडे थे और बाद में उन्होंने हथियार भी निकाले। उन्होंने सवाल उठाया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद हथियार अंदर कैसे पहुंचे।

### शिकायत के बाद टीएमसी के बैंक अकाउंट फ्रीज

तृणमूल कांग्रेस में जारी घमासान के बीच पार्टी फंड पर नियंत्रण की भी कोशिशें तेज हो गई हैं। 19 जून ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट के 10 विधायकों ने बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट से पार्टी का बैंक खाता फ्रीज करने का अनुरोध किया है। जयनगर के स्रू विश्वनाथ दास ने बागी गुट की ओर से शिकायत दर्ज कराई, जिसमें पार्टी से जुड़े तीन अकाउंट्स के जरिए संदिग्ध गैर-कानूनी फंड ट्रांसफर को लेकर चिंता जताई गई।

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ चंदा प्रकरण

## योगी बोले- एसआईटी कर रही जांच, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रकरण पर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाले, रामभक्तों पर लाठी-गोली चलाने वाले उपदेश दे रहे हैं। अयोध्या को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से जो जानकारी मिली, उसके बाद ट्रस्ट के अनुरोध पर हमने एसआईटी जांच बैठाई है। एसआईटी दूध का दूध व पानी का पानी करके रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है।

योगी ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट आने तक ऐसी कोई बयानबाजी न हो, जो रामभक्तों की भावनाओं को आहत करती हो। यदि किसी के पास डाक्यूमेंट्री प्रूफ हो तो एसआईटी को उपलब्ध करा दें। योगी ने रामभक्तों से विनम्र अपील की कि प्रभु राम ने हमें मर्यादित रहने का आचरण दिया है, इसलिए मर्यादा का पालन करना चाहिए।

### पीएम विकसित भारत रोजगार योजना: मोदी ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ दिए

## युवाओं के हुनर से बनेगा विकसित भारत: प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ रूपए दिए

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 15 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को ?2400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी।

यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए खातों में भेजी गई। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए इस इवेंट में प्रधानमंत्री ने युवाओं और उन्हें नौकरियां देने वाले उद्यमियों से संवाद भी किया।

पीएम बोले कि यह योजना पहली बार नौकरी खोजने वाले युवाओं और इंडस्ट्री के बीच एक पुल का काम करती है। इसके जरिए हम भविष्य के लिए एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं।




इंटेंसिव ट्रांसफर करने का कार्यक्रम देशभर के 200 औद्योगिक क्लस्टर में हुआ। इस कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र भी बांटे गए, क्योंकि नए लेबर कोड के तहत अपॉइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य है।

मैं कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से आया हूं और ग्7 में विकसित देशों के दिग्गज नेताओं से मिला हूं दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। भारत के टैलेंट, स्किल और सशक्त की चर्चा सब दूर तक हो रही है।

हमारी कोशिश है कि भारत का युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके और इसी सोच के साथ पीएम विकसित भारत रोजगार योजना शुरू हुई है। यह बहुत आगे बढ़कर पहली नौकरी पाने वाले युवा के सपनों को शक्ति देनी वाली योजना है।

करीब 2 मिलियन युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर लिए हैं, और आज, इनमें से करीब 1 मिलियन युवाओं को अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे करने के बाद इस स्कीम के बेनिफिशियरी के तौर पर इंसेंटिव मिला है। एक समय था जब देश में केवल 500 के करीब स्टार्टअप थे। आज, 2 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप हैं, और वे देश के हर जिले में मिल जाएंगे। ये आंकड़े भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत के युवा दुनिया की ग्रोथ, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप का नेतृत्व करेंगे।

## राजस्थान में तबादलों से बैन हटा पांच जुलाई तक होंगे ट्रांसफर

जयपुर

राजस्थान सरकार ने लंबे इंतजार के बाद सरकारी कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक हटा दी है। सरकार ने 19 जून से 5 जुलाई तक यानी 16 दिनों के लिए ट्रांसफर-पोस्टिंग पर लगा बैन हटाने का आदेश जारी किया है। पिछले कई महीनों से कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच तबादलों को लेकर चल रही चर्चाओं पर सरकार के इस फैसले से विराम लग गया है।

आदेश के अनुसार, तबादलों में एकल महिला, विधवा, परित्यक्ता व कैंसर, हृदय रोग, दिमाग, फेफड़े व किडनी जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह आदेश सरकारी विभागों के साथ-साथ निगमों, बोर्डों व स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों पर भी लागू होगा। हालांकि सरकार ने दो प्रमुख विभागों को तबादला प्रक्रिया से अलग रखा है। शिक्षा विभाग में कार्यरत तृतीय श्रेणी शिक्षकों व चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएंगे।

चिकित्सा विभाग में नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन, डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्यकर्मी प्रक्रिया से बाहर रहेंगे। गौरतलब है तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों पर वर्ष 2018 से ही रोक लगी है। शिक्षक संगठन लगातार इस रोक को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस बार भी सरकार ने उनके तबादलों पर लगी रोक बरकरार रखी। वहीं, स्वास्थ्य विभाग में तबादलों से बैन नहीं हटाने के पीछे मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को कारण बताया जा रहा है।

सरकार का मानना है कि बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों के तबादले होने से अस्पतालों की व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं, इसलिए इस विभाग को फिलहाल तबादला प्रक्रिया से बाहर रखा है। तबादलों में जनप्रतिनिधि की सिफारिशों को भी महत्व मिल सकता है। शिक्षा, पुलिस, बिजली, वित्त और अन्य जन सरोकार से जुड़े विभागों में तबादलों की मांग सबसे अधिक बताई जा रही है।

## तेलंगाना में भीषण सड़क हादसों में सात की मौत

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना में गुरुवार का दिन सड़क हादसों के नाम रहा, जब राज्यभर में तीन अलग-अलग घटनाओं में करीब सात लोगों की जान चली गई। इन हादसों में तेज रफ्तार, अनियंत्रित वाहन और सड़क किनारे खड़े वाहनों से टक्कर मुख्य वजह बनी। पहली दर्दनाक घटना हैदराबाद के पास मेडचल मलकाजगिरी जिले में हुई। यहां एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार उछलकर सड़क के दूसरी ओर जा गिरी और सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। यह हादसा तुर्कपल्ली और मुरहरपल्ली के बीच हुआ, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि कार करीमनगर से हैदराबाद की ओर आ रही थी और चालक ने अपना नियंत्रण खो चुका था। एक अन्य घटना में, जंगांव जिले में हैदराबाद-वारंगल राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक लॉरी ने टायर पंक्चर होने के कारण सड़क पर खड़े एक मिनी ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब मिनी ट्रक का चालक, एक सफाईकर्मी और एक अन्य व्यक्ति लिंगलघनपुर मंडल के नेल्लुतला के पास वाहन की मरम्मत कर रहे थे। मृतकों की पहचान रोहित, राजेंद्र और मधु के रूप में हुई है। रोहित जंगांव के देवुरुप्पला मंडल में एक किराने की दुकान चलाता था और अपनी दुकान के लिए हैदराबाद से किराने का सामान ला रहा था, जबकि मधु याददी भुवनगिरी जिले की रहने वाली थीं। हादसे में एक व्यक्ति ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य की अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान मौत हो गई। तीसरी घटना विकाराबाद जिले में दर्ज की गई, जहां एक लॉरी और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की जान चली गई। यह दुर्घटना परिगी मंडल के चिगुरलपल्ली के पास हुई। मृतक की पहचान मोमिंकलान निवासी 30 वर्षीय जावेद पाशा के रूप में हुई है।

## पंजाब में हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब पुलिस ने सीमा पार से संचालित होने वाले बड़े हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से राज्य में अवैध हथियारों की घुसपैठ पर महत्वपूर्ण लगाम लगी है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से 11 आधुनिक पिस्टल और आठ कारतूस बरामद किए हैं। यह सभी आरोपी विदेश में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे, जहां से वे हथियार प्राप्त कर भारत में उसकी आपूर्ति करते थे। इस कार्रवाई की जानकारी पंजाब पुलिस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की। गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है ताकि पूरे नेटवर्क और इसके अन्य सदस्यों का खुलासा किया जा सके। पुलिस का लक्ष्य इस तस्करी के पूरे मॉड्यूल का पता लगाना है। अमृतसर के एयरपोर्ट, सदर और छेहरटा पुलिस स्टेशनों में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और स्पष्ट किया है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी, सीमा पार अपराध और संगठित गिरोहों के खिलाफ उसकी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। आपराधिक गतिविधियों में किसी भी संलिप्तता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। हाल के दिनों में पंजाब पुलिस ने इसतरह के कई गिरोहों का पर्दाफाश किया है जो विदेशी हैंडलरों के इशारे पर भारत में हथियार पहुंचाते हैं। इसतरह के मामलों की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि ये अक्सर अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े होते हैं, जिससे शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है।

## सेना के अधिकारी की पत्नी के जबरन धर्म परिवर्तन मामले में मौलवी गिरफ्तार

नागपुर (एजेंसी)। महाराष्ट्र की नागपुर पुलिस ने भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी की पत्नी के कथित जबरन धर्म परिवर्तन मामले में एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे मध्य प्रदेश से हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए नागपुर ले आई है। महिला ने अपनी शिकायत में पूर्व सहपाठी और उसके कई साथियों पर दुष्कर्म, ब्लैकमेल, जबरन धर्म परिवर्तन और काला जादू से जुड़े कथित आरोप लगाए हैं। जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में कथित तौर पर एक व्यक्ति महिला का हाथ पकड़कर धार्मिक आयतें पढ़ता दिखाई दे रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामले को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ गया और पुलिस जांच तेज कर दी गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक मुख्य आरोपी अयाज मदारे (26) और उसका सहयोगी अमीन शेख पहले से ही पुलिस हिरासत में हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि गिरफ्तार मौलवी ने कथित धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई थी। एफआईआर के मुताबिक महिला ने आरोप लगाया है कि 8 फरवरी 2025 को अयाज उसे एक होटल ले गया, जहां उसके पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाया। बेहोश होने के बाद उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए गए। बाद में इन्हीं के जरिए उसे ब्लैकमेल किया गया और पति को भेजने व सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर कई बार यौन उत्पीड़न किया गया। महिला का यह भी आरोप है कि उससे करीब चार लाख रुपए भी वसूले गए। महिला ने शिकायत में बताया कि वायरल वीडियो में वह रोते हुए खुद को छोड़ने की गुहार लगा रही थी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि अयाज नियमित रूप से उसे प्लास्टिक की बोतल से एक तरल पदार्थ पीने के लिए मजबूर करता था। उसने दावा किया कि इसे पीने के बाद वह मंत्र पढ़ता था, उसके चेहरे पर फूंक मारता था और इस प्रक्रिया को सम्मोहन या काला जादू बताता था। एफआईआर के मुताबिक 31 मई को आरोपी उसे अपने सहयोगी के साथ कलमेश्वर ले गया, जहां मौलाना ने धार्मिक गतिविधि के दौरान उसकी इच्छा के विरुद्ध उससे कबूल है कहलवाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौलवी से पूछताछ के दौरान मामले में और भी अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं।

## राज्य सरकार ने जानबूझकर पूर्व सीएम ममता बनर्जी की सुरक्षा वापस ली

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की राजनीति में पूर्व सीएम ममता बनर्जी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। कोलकाता पुलिस ने उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि राज्य सरकार ने जानबूझकर ममता बनर्जी की सुरक्षा व्यवस्था वापस ले ली है। बुधवार रात टीएमसी के दो राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन और सागरिका घोष और लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो में दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित ममता बनर्जी के आवास के सामने मौजूद पुलिस चौकी खाली दिखाई दे रही थी। टीएमसी नेताओं ने आरोप लगाया था कि प्रशासन के निर्देश पर उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा दी गई है।

# पंजाब के विकास की रफ्तार धीमी नहीं पड़ने दूंगा: मुख्यमंत्री मान



**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि पंजाब अब पिछली सरकारों की गलतियों और बुरे कार्यों का शिकार नहीं बनेगा, बल्कि विकास, मौकों और समृद्धि के एक नए युग की ओर निरंतर बढ़ रहा है। होशियारपुर के टांडा स्थित भट्टलां गांव में उन्होंने कहा कि उपजाऊ भूमि, प्रचुर जल संसाधनों और मेहनती लोगों के बावजूद, पिछली सरकारों ने राज्य के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी, जिसके कारण पंजाब अपनी पूरी क्षमता से विकास नहीं कर सका।

मुख्यमंत्री मान ने युवाओं के लिए अवसर पैदा करने, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने तथा एक ऐसा रंगला पंजाब सृजित करने की बात कही, जहाँ किसी भी युवा को बेहतर भविष्य की तलाश में विदेशों की ओर जाने की जरुरत नहीं होगी। उन्होंने अपनी सरकार की न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाकर कहा कि बरगाड़ी बेअदबी और बहिबल कलां-कोटकपूरा गोलीकांड के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के कटघरे में खड़ा कर जेल भेजा जाएगा। सीएम मान ने जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026 का भी जिक्र किया, जो बेअदबी के लिए सख्त सजा का प्रावधान करता है। उन्होंने अकाली नेतृत्व पर आरोप लगाया कि उन्होंने गुरबानी के नाम पर वोट मांगे, लेकिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्रता की रक्षा करने में विफल रहे।

सीएम मान ने पंजाब के सफर पर कहा कि राज्य ने 1947 के विभाजन, 1984 के दंगों और पिछली सरकारों द्वारा वर्षों की लूट-खसोट जैसे कई दुख झेले हैं, लेकिन अब इस प्रगति को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि पंजाब में संसाधनों की कोई कमी नहीं है, बल्कि वर्षों से ऐसी नेतृत्व क्षमता की कमी थी जो निजी और राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर राज्य के हितों को सर्वोपरि रखे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से भावुक अपील की कि उन्हें केवल कनाडा, अमेरिका या अन्य विदेशों के सपने देखने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए, क्योंकि सरकार पंजाब में ही मौके पैदा कर रही है।

इस दिशा में, पंजाब सरकार ने ग्रुप-सी और ग्रुप-डी की महिला कर्मचारियों को उनके घरों से 40 किलोमीटर के दायरे में तैनात करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे हजारों महिला कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने हाई-टेंशन बिजली की तारों को भूमिगत करने की देश की पहली परियोजना, 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली, किसानों को दिन के समय बिजली और सिंचाई को मजबूत करने के लिए 14,000 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइनें बिछाने जैसी उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त, मावां-धियां सम्मान योजना के तहत सभी वर्गों की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह और अनुसूचित जाति भाईचारे की महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा पंजाब उनका परिवार है और लोगों द्वारा दिखाया गया प्यार व विश्वास उन्हें और अधिक समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है।

## पीएम मोदी पर कथित टिप्पणी : खरगे के खिलाफ विशेषाधिकार समिति से शिकायत

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ दायर शिकायत को राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति को जांच और विचार के लिए सौंपा गया है। यह कदम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के छह सांसदों द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर सदन और उसके सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली अपमानजनक, टिप्पणियाँ करने का आरोप लगाने के बाद उठाया गया है।

राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सदन के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने नियम 203 के तहत मामले को समिति के पास भेज दिया है। इसकी शिकायत भाजपा सांसद बृजलाल, मिथिलेश कुमार, सुमित्रा बाल्मिक, शिवेश कुमार, सिकंदर कुमार और नागेंद्र राय ने संयुक्त रूप से दाखिल की थी। अधिसूचना में इस संबंध में 16 जून, 2026 की तारीख का उल्लेख है।

बीजेपी सांसदों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष खरगे लगातार और जानबूझकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ इसतरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे संसद की गरिमा कम हुई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संवैधानिक पद पर आसीन किसी व्यक्ति से मर्यादित भाषा और जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा होती है, और खरगे की टिप्पणियाँ संसदीय परंपराओं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। यह विशेषाधिकार नोटिस राज्यसभा की कार्यवाही और कामकाज संचालन नियमावली के नियम 188 के तहत दाखिल हुआ था। नियम 188 सदस्यों को सदन की गरिमा, विशेषाधिकार या संसदीय परंपराओं के उल्लंघन के मामलों में नोटिस देने की अनुमति देता है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष हैं। समिति के अन्य सदस्यों में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, दीपक प्रकाश, सुमेर सिंह सोलंकी, सुरेंद्र सिंह नागर, मनन कुमार मिश्रा और निर्दलीय सांसद कार्तिकेय शर्मा शामिल हैं।

## दलाई लामा का शांति संदेश: तिब्बती कूटनीति और चीन की बढ़ती रणनीतिक चुनौतियां


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिब्बतियों के सर्वोच्च आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष संदेश साझा किया, इसमें उन्होंने मानवीय मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्नेह और गर्मजोशी से मिलने वाली खुशी से आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे डर कम होता है, आपसी भरोसा पैदा होता है और दोस्ती विकसित होती है। दलाई लामा ने सहयोग को सामाजिक प्राणी के रूप में मानव अस्तित्व के लिए आवश्यक बताकर भरोसे पर आधारित बताया। उन्होंने रेखांकित किया कि एक दयालु मन और गर्मजोशी भरा व्यवहार आसपास के माहौल को अधिक सकारात्मक बनाता है। हालांकि, इस शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक ट्वीट ने वैश्विक स्तर पर तत्काल ध्यान आकर्षित किया है, क्योंकि भू-राजनीतिक विशेषज्ञ इसमें एक गहरा राजनीतिक निहितार्थ देख रहे हैं, जो सीधे तौर पर चीन के लिए एक नई चिंता और चुनौती बन सकता है।



यह संदेश चीन के लिए इसलिए संवेदनशील है क्योंकि तिब्बत पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 70 वर्षों के सख्त नियंत्रण के बावजूद, बीजिंग को हमेशा वहां चीन-विरोधी आंदोलन के फिर से भड़कने का डर बना रहता है। दलाई लामा आज भी दुनिया भर के तिब्बती समुदाय के लिए सबसे प्रभावशाली और सर्वमान्य नेता हैं। चीन के तमाम राजनीतिक और प्रशासनिक सुधारों के बाद भी उनकी आध्यात्मिक पकड़ कमजोर नहीं हुई है। इसी संवेदनशीलता के चलते बीते साल चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तिब्बत की राजधानी ल्हासा का एक दुर्लभ और अचानक दौरा किया था, जो क्षेत्र पर नियंत्रण बनाए रखने की बीजिंग की छटपटाहट को दिखाता है।

चीन की सबसे बड़ी रणनीतिक चिंता लामा के उत्तराधिकारी और उनके पुनर्जन्म के मुद्दे पर टिकी है। हाल ही में दलाई लामा ने स्पष्ट कर दिया था कि उनके भविष्य के पुनर्जन्म को मान्यता देने का एकमात्र विधिक और धार्मिक अधिकार केवल गादेन फोड्रंग ट्रस्ट के पास है। यह रुख बीजिंग के उस दावे के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें चीनी कम्युनिस्ट पार्टी इस पूरी प्रक्रिया को अपना आंतरिक मामला और एकमात्र संप्रभु अधिकार मानती है। इसके अलावा, चीन पड़ोसी देश नेपाल को लेकर भी सतर्क है, जहां लगभग 12,000 निर्वासित तिब्बती शरणार्थी रहते हैं और जिसकी भौगोलिक सीमा तिब्बत से सटती है। वहीं दूसरी ओर, भारत ने साल 1959 से ही लामा और निर्वासित तिब्बती समुदाय को ससम्मान शरण दे रखी है। भारत सरकार हमेशा से धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करती है और आस्था से जुड़े आंतरिक मामलों पर कोई राजनीतिक पक्ष नहीं लेती, जिससे दलाई लामा की आध्यात्मिक प्रामाणिकता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परोक्ष रूप से मजबूत समर्थन मिलता है। चीन जहां इस धार्मिक परंपरा को राजनीति के चश्मे से देखता है, वहीं वैश्विक समुदाय और स्वयं तिब्बती लोग इसे अपनी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं।

## परिसीमन पर नायडू को थरूर का जवाब: ड्राइवर की सैलरी से समझाया गणित



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के उस बयान पर अपनी कड़ी असहमति जाहिर की है, जिसमें सीएम नायडू ने केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन ढांचे का बचाव किया था। कांग्रेस नेता थरूर ने एक विचार-प्रयोग के द्वारा समझाया कि सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में आनुपातिक वृद्धि के बावजूद राजनीतिक प्रभाव बड़े राज्यों की ओर ही झुकेगा। सीएम नायडू ने हाल ही में संसद में संविधान संशोधन विधेयक को रोकने के लिए विपक्ष की आलोचना कर कहा था कि परिसीमन को लेकर जाहिर की जा रही चिंताएं बेबुनियाद हैं।

अप्रैल में संसद के विशेष सत्र के दौरान प्रस्तुत किए गए संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 में लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने और परिसीमन को 2011 की जनगणना से जोड़ने का प्रस्ताव था। इसमें सभी राज्यों के लिए लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत की आनुपातिक वृद्धि का प्रावधान भी शामिल था। हालांकि, यह विधेयक आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका और पारित होने के लिए आवश्यक 352 मतों के मुकाबले केवल 298 सदस्यों का समर्थन ही प्राप्त कर पाया, जबकि 230 सदस्यों ने इसका विरोध किया था।

नायडू के इस बयान पर प्रतिक्रिया देकर थरूर ने एक अखबार की क्लिपिंग साझा की, जिसकी हेडलाइन थी नायडू ने कहा परिसीमन बिल 50 प्रतिशत सीट बढ़ोतरी के प्रावधान के साथ वापस आएगा। उन्होंने नायडू को संबोधित करते हुए लिखा, नायडू जी, आइए एक सोच-विचार वाला प्रयोग करते हैं। मान लीजिए आपकी सैलरी 2 लाख है और आपके ड्राइवर की 20,000 है। आप सभी के लिए 50 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान करते हैं। अब आपकी सैलरी 3 लाख हो जाती है और आपके ड्राइवर की 30,000। थरूर ने समझाया, प्रतिशत या अनुपात के हिसाब से बढ़ोतरी तब एक जैसी है-लेकिन क्या आप अपने ड्राइवर की तुलना में और पहले की अपनी स्थिति की तुलना में, कहीं बेहतर स्थिति में नहीं हैं?

थरूर ने तर्क दिया कि दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने ठीक यही चिंता जाहिर की है कि भले ही सीटों में बढ़ोतरी का अनुपात एक जैसा रहे, फिर भी राजनीतिक संतुलन काफी बदल जाएगा। उन्होंने उदाहरण देकर पूछा, क्या सच में कोई फर्क नहीं पड़ेगा अगर उत्तर प्रदेश के सांसदों की संख्या 80 से बढ़कर 120 हो और केरल के सांसदों की संख्या 20 से बढ़कर 30 हो जाए? उन्होंने कहा कि भले ही संख्या का अनुपात एक जैसा रहे, लेकिन राजनीतिक वज़न में भारी अंतर (केरल के 10 और सांसदों के मुकाबले यूपी के 40 और सांसद) एक गंभीर चिंता का विषय बना रहेगा। इस विचार-प्रयोग के माध्यम से थरूर ने यह स्थापित करने का प्रयास किया कि सभी राज्यों में सीटों की संख्या में केवल आनुपातिक बढ़ोतरी से राजनीतिक संतुलन बना रहेगा, यह ज़रूरी नहीं है, खासकर दक्षिणी राज्यों के लिए, जो लंबे समय से आबादी पर आधारित परिसीमन प्रक्रिया में नुकसान होने की आशंका जता रहे हैं।

## कच्चे तेल की गिरावट के बावजूद तत्काल सस्ता नहीं होगा पेट्रोल-डीजल : राज्य मंत्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि घरेलू ईंधन कीमतों का निर्धारण कई कारकों पर निर्भर करता है, इसमें कम कीमत पर खरीदे गए कच्चे तेल के भारत पहुंचने में लगने वाला समय महत्वपूर्ण पहलू है। राज्य मंत्री गोपी ने कहा कि हॉरमुज जलडमरूमध्य जैसे व्यस्त समुद्री मार्गों से कम कीमत वाले कच्चे तेल के भारत पहुंचने में समय लगता है, इससे तुरंत कीमतों में कमी संभव नहीं है। उन्होंने जोर दिया कि इस साल पश्चिम एशिया में हुए संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता पैदा की, जिसका सीधा असर सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) पर पड़ा। राज्य मंत्री गोपी ने बताया कि उपभोक्ताओं को बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त बोझ का बड़ा हिस्सा खुद वहन किया। इस प्रक्रिया में केंद्र सरकार को करीब 12,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने बताया कि ऊंची ईंधन कीमतों के दौरान किसी भी राज्य सरकार ने अपने करों में कटौती करके राजस्व नहीं छोड़ा, जबकि केंद्र और तेल कंपनियों दोनों को अपना परिचालन जारी रखना है। राज्य मंत्री गोपी ने पुन: साफ किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें केवल अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के भाव पर निर्भर नहीं करतीं, बल्कि बाजार और परिवहन से जुड़े कई अन्य आंतरिक और बाहरी कारकों को भी ध्यान में रखा जाता है। गौरतलब है कि गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, जहां ब्रेंट क्रूड करीब 1.64 प्रतिशत गिरकर 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा था, और अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी करीब 2 प्रतिशत घटकर 75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की इन कीमतों में गिरावट पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की दिशा में हुई कूटनीतिक प्रगति के बाद देखी गई है, जिससे निवेशकों को उम्मीद है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव कम होगा।

# राजभर को गंभीरता से नहीं लेता कोई: शिवपाल ने बताया सपा एकजुट



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (एसपी) के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर के सपा में अंदरूनी फूट के आरोपों को सिरे से खारिज किया है, इस बयान को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सुनियोजित साजिश बताया। गुरुवार को शिवपाल यादव ने बीजेपी और उसके सहयोगियों पर राजनीतिक लाभ के लिए झूठ फैलाने और समय-समय पर साजिशें रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सपा का कोई भी सांसद पार्टी छोड़कर नहीं जाएगा, और ऐसी बातें केवल अपनी टीआरपी बढ़ाने और चुनाव में सीटें हासिल करने के लिए होती हैं। शिवपाल ने राजभर पर निशाना साधकर कहा कि उनके बयान पैसे के लिए दिए जाते हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, मुझे लगता है कि उन्हें ट्वीट करने के लिए पैसे मिलते हैं, इसीलिए वे ऐसी बातें कहते हैं और झूठ बोलते हैं। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

शिवपाल ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में राजभर को कोई गंभीरता से नहीं लेता। गौरतलब है कि एसबीएसपी नेता और उत्तर प्रदेश के मंत्री राजभर, जो पहले समाजवादी पार्टी के सहयोगी थे, अब बीजेपी के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के सदस्य हैं।

इसके पहले गुरुवार को राजभर ने समाजवादी पार्टी की आलोचना कर आरोप लगाया था कि पार्टी नेतृत्व केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की चल रही जांचों से खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा था कि राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जो चिट्ठी भेजी थी, उसमें पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति और सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जुड़ी सीबीआई एफआईआर का जिक्र है। राजभर ने दावा किया था कि गायत्री प्रजापति जेल में हैं, जबकि अखिलेश यादव अभी बाहर हैं। उन्होंने गोमती रिवर फ्रंट मामले में राम गोपाल यादव के बेटे, शिवपाल यादव और उनके बेटे सहित परिवार के कई सदस्यों के शामिल होने का भी जिक्र किया, जिसके चलते समाजवादी पार्टी ने अपनी जान बचाने के लिए एक सूची जारी की थी।

## तमिलनाडु विधानसभा में पारंपरिक प्रोटोकॉल बहाल : पहले राज्य गीत और फिर राष्ट्रगान

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा ने गुरुवार को महत्वपूर्ण कदम उठाकर अपने लंबे समय से चले आ रहे पारंपरिक प्रोटोकॉल को बहाल किया। अब सदन की कार्यवाही की शुरुआत राज्य गीत तमिल थाई वाज़्थु के गायन से हुई, और समापन राष्ट्रगान के साथ होगा। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री सी.जोसेफ विजय के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान गानों के क्रम को लेकर उपजे बड़े राजनीतिक विवाद के ठीक एक महीने बाद हुआ है।

दरअसल यह बहाली दशक पुरानी परंपरा की वापसी है, जिसके तहत तमिलनाडु में सभी सरकारी और आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत राज्य गीत तमिल थाई वाज़्थु से होती है, और समापन हमेशा राष्ट्रगान से होता है। हालांकि, बीते महीने मुख्यमंत्री विजय के शपथ ग्रहण समारोह में परंपरा को बदल दिया गया था। इस बदलाव पर न केवल विपक्षी दलों, बल्कि टीवीके का समर्थन करने वाले कई सहयोगियों ने कड़ी आपत्ति जाहिर की थी। विवाद तब और गहरा गया जब समारोह के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय के जनवरी 2026 के निर्देश के अनुसार वंदे मातरम का पूरा छह-पद वाला संस्करण बजाया गया।

विजय को 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत दिलाने में मदद करने वाले कई सहयोगियों ने फैसले पर सवाल उठाए थे। सीपीआई के राज्य सचिव एम. वीरपांडियन ने तमिल थाई वाज़्थु को सर्वोच्च स्थान देने पर जोर दिया था, जबकि वीसीके प्रमुख थोल थिरुमावलवन और पीएमके संस्थापक एस. रामदास ने भी इस क्रम की आलोचना कर विजय सरकार से तमिल स्तुति गीत को उचित महत्व देने का आग्रह किया था। डीएमके ने आरोप लगाया था कि राज्यपाल ने सबसे पहले वंदे मातरम गाने पर जोर दिया और दावा किया कि यह घटनाक्रम विजय के भाजपा के करीब आने का संकेत है।

बढ़ती आलोचनाओं के बीच, टीवीके नेता आधव अर्जुन ने स्पष्टीकरण देकर जोर दिया कि उनकी सरकार बदले हुए क्रम का समर्थन नहीं करती। उन्होंने इस प्रारूप को तमिलनाडु के लिए अनुपयुक्त बताया और खुलासा किया कि जब तमिल थाई वाज़्थु को कार्यक्रम में तीसरे स्थान पर रखा गया था, तब पार्टी ने राजभवन के समक्ष आपत्ति जाहिर की थी। अर्जुन के अनुसार, राजभवन ने उन्हें बताया था कि राज्यपाल को केंद्र सरकार द्वारा जारी नए सर्कुलर के अनुसार कार्य करना था।

# शिवसेना में बगावत: पार्टी के इतिहास में चार बड़ी फूट की यादें हुईं ताजा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की राजनीति फिर इतिहास को दोहराया जा रहा है, जहाँ शिवसेना (यूबीटी) उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में एक और बड़े दलबदल के खतरे का सामना कर रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि उद्धव गुट के नौ लोकसभा सांसदों में से सात सांसद दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सत्ताधारी शिवसेना में शामिल होने के इच्छुक हैं। सूत्रों के अनुसार, इस संभावित बगावत की मुख्य वजह पार्टी के भीतर उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे को बड़ी संगठनात्मक और नेतृत्व भूमिका देने की तैयारी है। शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि कई मौजूदा सांसद आदित्य ठाकरे के नेतृत्व में काम करने में सहज नहीं हैं। अटकलें हैं कि आगामी 19 जून को, जो अविभाजित शिवसेना का 60वां स्थापना दिवस है, शिवसेना (यूबीटी) आदित्य ठाकरे को लेकर कोई बड़ी घोषणा कर सकती है। इन अटकलों को बल तब मिला जब उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई सांसदों की बैठक में नौ में से केवल चार सांसद (अरविंद सावंत, अनिल देसाई, राजाभाऊ राजे और संजय पाटिल) ही व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे, हालांकि पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने अन्य सांसदों के फोन के ज़रिए संपर्क में होने की सफाई दी।

यह पहली बार नहीं है जब शिवसेना को अपने शीर्ष नेताओं की बगावत का सामना करना पड़ रहा है। बाल ठाकरे के दौर से लेकर आज तक, पार्टी ने कई बड़े कूटनीतिक और ऐतिहासिक विभाजन देख चुकी हैं। पार्टी के इतिहास में सबसे पहला बड़ा झटका 1991 में लगा, जब वरिष्ठ नेता छगन भुजबल 17 विधायकों के साथ शिवसेना से अलग होकर कांग्रेस में शामिल हुए थे, जिसने बाल ठाकरे के मज़बूत नियंत्रण पर पहली बार दरार डाली। इसके बाद, 2005 में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे को पार्टी से निकाले जाने के बाद उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया, जिससे कोंकण क्षेत्र में शिवसेना का आधार कमज़ोर हुआ। उसी साल, बाल ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे, जिन्हें कभी उनका राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता था, ने नेतृत्व संघर्ष के बाद पार्टी छोड़ दी और 2006 में अपनी खुद की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) बनाकर शिवसेना के मराठी वोट बैंक के लिए नई चुनौती खड़ी की।

हालांकि, शिवसेना के इतिहास की सबसे बड़ी फूट 2022 में देखी गई, जब वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे ने बगावत की अगुवाई की, इसके परिणामस्वरूप उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इस बगावत की जड़ में उद्धव ठाकरे का 2019 में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ मिलकर सरकार बनाने का फैसला था, जिसे शिंदे गुट ने बालासाहेब ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा से समझौता बताया। बागी विधायकों ने उद्धव तक पहुंच की कमी और सरकारी फंड के बंटवारे में असमानता जैसे आरोप लगाए। यह राजनीतिक संकट जून 2022 में महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में क्रॉस-वोटिंग के बाद तेज़ी से बढ़ा, जब शिंदे और 11 विधायक गुजरात के सूरत और फिर असम के गुवाहाटी चले गए। कुछ ही दिनों में, शिंदे ने शिवसेना के 55 में से 39 विधायकों का समर्थन पा लिया, जो दलबदल-विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने से बचने के लिए ज़रूरी दो-तिहाई बहुमत था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रस्ट वोट पर रोक लगाने से इंकार करने के बाद, उद्धव ठाकरे ने 29 जून 2022 की रात को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया। इस बगावत ने न सिर्फ़ शिवसेना को दो गुटों में बांट दिया, बल्कि महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य को भी पूरी तरह से बदल दिया। अब एक बार फिर, उद्धव ठाकरे के सामने अपनी पार्टी को एकजुट रखने की चुनौती आ खड़ी हुई है।



# अवैध बजरी खनन पर बडलियास थाना पुलिस की कार्रवाई, पांच ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार अल सुबह जीवा का खेड़ा गांव के पास से बनास नदी के रास्ते पर पांच ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर मामला दर्ज किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अवैध बजरी खनन परिवहन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सागर के निर्देशानुसार पारस जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं योगेश शर्मा वृत्ताधिकारी वृत माण्डलगढ के सुपरविजन में जसवंत सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना बडलियास द्वारा अवैध बजरी खनन पर की गई ।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार अल सुबह गोपाल सिंह सहायक उपनिरीक्षक को सूचना मिली कि कुछ लोग टैक्टर-ट्रोलियों में अवैध बजरी भर कर जीवा का खेडा की तरफ आ रहे है तथा कुछ व्यक्ति पुलिस की निगरानी कर रहे है वॉटसएप ग्रुप महाकाल व 123 ग्रुप में पुलिस की लोकेशन दे रहे है । रात्रि डीओ अधिकारी हैड कानि. सांवलदान मय जाप्ता को सुचित किया व रवाना हो जीवा का खेडा गांव से आगे पहुंचे की बांयी तरफ से कच्चे रास्ते से नदी की तरफ से छ. टैक्टर-ट्रोलियों में बजरी भरी हुई को लेकर आ रहे थे जो पुलिस जाप्ता व सरकारी पुलिस वाहन को देख कर चालक मालिक पांच टैक्टर-ट्रोलियों बजरी से भरी हुई को मौके पर ही छोड कर भाग गये । टैक्टर चालको व मालिकों / अन्य सहयोगीयों द्वारा संगठित अपराध कर बनास नदी में अवैध बजरी भरी पांच टैक्टर-ट्रोलियों को डिटेन कर पुलिस थाना बडलियास पर खडा करवाया गया, वही एक ट्रैक्टर ट्रॉली को चालक लेकर फरार हो गया।


# जन कल्याण शिविर में जनता इंतजार करती रही, जिम्मेदार अफसर ढाई घंटे तक रहे नदारद...

**सुबह 10 बजे शुरू होना था शिविर, दोपहर 12:30 बजे तक नहीं पहुंचे शिविर प्रभारी ओर जिम्मेदार अधिकारी**

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित जन कल्याण ग्रामीण सेवा शिविर उस समय सवालों के घेरे में आ गया, जब ग्राम पंचायत ईटमारिया में निर्धारित समय पर जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं पहुंचे। सुबह 10 बजे शुरू होने वाले शिविर में दोपहर 12:30 बजे तक भी शिविर प्रभारी सहित बीडीओ और तहसीलदार के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली।ग्रामीणों का कहना है कि वे सुबह से ही अपनी समस्याओं और विभिन्न कार्यों के समाधान की उम्मीद लेकर शिविर स्थल पर




पहुंच गए थे, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। इंतजार से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब शिविरों में जिम्मेदार अधिकारी ही समय पर मौजूद नहीं होंगे तो आमजन की समस्याओं का समाधान कैसे होगा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शिविर आयोजित कर रही है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से इनका उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है। शिविर स्थल पर मौजूद लोगों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश रहा कि उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी समय पर मौजूद नहीं था।


ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में ऐसे शिविरों में अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को घंटों इंतजार और परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनता समय पर पहुंची, लेकिन जन कल्याण शिविर में जिम्मेदार अफसरों का कहीं अता-पता नहीं था।

# आवारा सांडों का बढ़ता आतंक

**कई लोग घायल, एक बुजुर्ग की जा चुकी जान**

स्मार्ट हलचल



**हमीरगढ़।** हमीरगढ़ कस्बे में इन दिनों आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्य चौराहों, बाजारों और गलियों में सांडों के आपस में लड़ने से राहगीरों, महिलाओं, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

बीते कुछ दिनों में आवारा सांडों की चपेट में आने से 5 से 10 लोग घायल हो चुके हैं। इनमें पैदल चलने वाले और बाइक सवार शामिल हैं। कई लोगों के हाथ-पैरों में चोटें आई हैं, जबकि कई अन्य लोग बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। हमीरगढ़ ग्राम पंचायत के समय एक बुजुर्ग व्यक्ति की आवारा सांड के हमले में मौत हो चुकी है। सांड ने उन्हें अपने सींग से गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसके बाद उनकी जान चली गई। इस दर्दनाक घटना के बाद कुछ माह पूर्व नगर पालिका द्वारा मृतक के परिजनों को सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया गया था। इसके बावजूद आज तक आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया हैद्य कस्बेवासियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में फिर किसी की जान जा सकती है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि आवारा सांडों को तत्काल आबादी क्षेत्र से हटाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए तथा निराश्रित गायों को गौशाला में भेजने की समुचित व्यवस्था की जाए।

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से जनहित में तत्काल कार्रवाई कर कस्बे को आवारा पशुओं के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# ग्रामीण सेवा शिविर में मिली राहत, मौके पर ही हुए कई कार्यों का निस्तारण

स्मार्ट हलचल | लाखेरी




लाखेरी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुहाटा, तहसील इंद्रगढ़ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए राहत लेकर आया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही कई आवेदनों एवं समस्याओं का निस्तारण किया गया। महिला अधिकारिता एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लाडो प्रोत्साहन योजना, काली बाई भील महिला संबल योजना, पन्ना धाय सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, शिक्षा सेतु योजना, पूरक पोषाहार, टीकाकरण एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के आवेदन ऑनलाइन किए गए। शिविर में आधार कार्ड संशोधन के तीन आवेदन भी स्वीकृत किए गए।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती दर पर यात्रा कार्ड बनाए। कृषि विभाग ने पाइपलाइन योजना के दो तथा तारबंदी योजना के दो आवेदन ऑनलाइन किए।

विद्युत विभाग (जेवीवीएनएल) ने ग्राम गुहाटा के दो खराब मीटर बदलकर नए मीटर लगाए तथा गुहाटा और कोटा खुर्द में ढीले बिजली तारों को तत्काल ठीक करवाया। जलदाय विभाग ने दोनों गांवों के सात खराब हैंडपंपों की मरम्मत करवाई, साथ ही क्लोरीन एवं नाइट्रेट जांच करवाई और कोटा खुर्द में पाइपलाइन लीकेज को भी दुरुस्त किया।

पशुपालन विभाग ने पशुओं का टीकाकरण किया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अमरेश मीणा ने 50 लोगों को चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा 30 मरीजों को निःशुल्क औषधियां वितरित कीं। चिकित्सा विभाग ने 35 लोगों के ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की, जिनमें सात लोगों का रक्तचाप असामान्य पाया गया। वहीं आयुष्मान योजना के तहत नौ पात्र व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

राजीविका विभाग ने दो स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खुलवाए, दो समूहों के लिए नए ऋण स्वीकृत किए तथा दो समूहों को 75-75 हजार रुपए का अनुदान स्वीकृत किया। ग्राम पंचायत क्षेत्र की 174 महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में चिन्हित कर स्वरोजगार एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

राजस्व विभाग ने 22 नामांतरण दर्ज किए तथा 13 काश्तकार परिवारों की कृषि भूमि का सीमा ज्ञान कराया। नाम दुरुस्ती के तीन प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर आदेश जारी किए गए। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम लबान से बगली जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कर आवागमन सुचारू कराया गया।

शिविर के दौरान सरपंच सुनील मीणा ने आठ आवासीय पट्टे जारी किए तथा दो पट्टों का नवीनीकरण किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चार नए शौचालय निर्माण आवेदन भी प्राप्त किए गए।

शिविर में उपखंड अधिकारी लाखेरी सुरेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, नायब तहसीलदार जगदीश प्रसाद शर्मा, सरपंच सुनील मीणा, पटवारी ज्ञानचंद जांगिड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डोडा तस्करी के मामले में 10 वर्ष की कठोर कारावास व जुर्माना

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

गुलाबपूरा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विनोद कुमार वाजा ने अवैध डोडा परिवहन के मामले में आरोपी महेंद्र माली को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 1 लाख रु के जुर्माने की सजा सुनाई ।

जुर्माना जमा नहीं करने की स्तिथि में एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होंगी । कार की तलाशी लेने पर पुलिस को उसकी डिक्की से 3 प्लास्टिक के कट्टे मिले । ज़ब इन्हे खोलकर देखा गया तो इनमे कुल 55 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चुरा भरा हुआ पाया गया । आरोपी के पास इसका कोई लाइसेंस या परमिट नहीं था । पुलिस ने मोके पर ही डोडा चुरा एयर कार को जब्त कर आरोपी महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में वांछित सह आरोपी देवेंद्र कुमार अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है, जिसके खिलाफ धारा 173(8) ष्ह्श्क्ष्‍ के तहत अनुसंधान लंबित रखा गया है। कोर्ट ने आदेश दिया है की ज़ब तक सह आरोपी देवेंद्र कुमार की गिरफ्तारी नहीं हो जाती और उसके खिलाफ कार्यवाही पूरी नहीं होती तब तक मामले से जुड़े किसी भी दस्तावेज या बरामद माल (डोडा चुरा व कार) को नष्ट नहीं किया जाएगा और उसे सुरक्षित रखा जाएगा । अदालत में राज्य की और से अपर लोक अभियोजक रेखा चौहान ने पेरवी की । आरोप सिद्ध करने के लिए 11 गवाह ओर 12 आर्टिकल के साथ 52 दस्तावेज पेश किए।

# सांवलिया सेठ को चौथे चरण की गणना में मिले ढाई करोड़ 82 हजार

**पांचवां चरण की गणना आज**



**मण्डफिया।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दरबार में 14 जून चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती शुक्रवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में चौथे चरण में हुई।

चौथे चरण में भंडार से 2 करोड़ 50 लाख 82 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व तीन चरणों में हुई भंडार गिनती से 28 करोड़ 61 लाख 46 हजार 200 रुपए नगद प्राप्त हुए थे। चारों चरणों को मिलाकर 31 करोड़ 12 लाख 28 हजार 200 रुपए नगद प्राप्त हुए। पांचवें चरण की गिनती शनिवार को होगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, रामलाल गुर्जर, संपदा प्रभारी भैरूगिरी गोस्वामी, मनोहर लाल चोबीसा, बिहारीलाल गुर्जर, श्रवण शर्मा, जितेन्द्र त्रिपाठी सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# फुलिया कलां में करोड़ों की सड़क बनी परेशानी का सबब, नाला निर्माण के अभाव में सड़क पर भरा गंदा पानी

स्मार्ट हलचल



फुलिया कलां में आमजन की सुविधा और बेहतर यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई सड़क आज स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने से गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनने के बाद क्षेत्र में नाला निर्माण नहीं कराया गया, जिसके कारण घरों और आसपास के क्षेत्रों का गंदा पानी सड़क पर ही एकत्रित हो जाता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क तालाब जैसी दिखाई देने लगती है। पानी भराव के कारण सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है तथा सड़क समय से पहले क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। सड़क पर लगातार भरे रहने वाले गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने का डर बना रहता है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क तो बना दी गई, लेकिन जल निकासी की मूलभूत व्यवस्था को नजरअंदाज कर दिया गया। इससे विकास कार्यों की गुणवत्ता और योजना निर्माण पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि समस्या का शीघ्र समाधान करते हुए नाला निर्माण कराया जाए, ताकि सड़क पर जमा गंदे पानी से लोगों को राहत मिल सके और करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क का वास्तविक लाभ आमजन को प्राप्त हो सके।

# हमीरगढ़-चित्तौड़गढ़ मुख्य मार्ग पर जलभराव: रेलवे अंडरब्रिज बना मुसीबत, आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित

स्मार्ट हलचल



**हमीरगढ़।** नेशनल हाईवे-48 पर तख्तपुरा पुलिया के पास स्थित रेलवे अंडरब्रिज में बारिश का पानी भर जाने से हमीरगढ़ से चित्तौड़गढ़ जाने वाला मुख्य मार्ग बाधित हो गया है। अंडरब्रिज में जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों के इंजन पानी में बंद हो गए, जिससे लोगों को काफी देर तक जूझना पड़ा। समाजसेवी यह मार्ग केवल आम आवागमन के लिए ही नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी बेहद महत्वपूर्ण है। नेशनल हाईवे-48 पर किसी सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को प्राथमिक उपचार और अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सहित अन्य वाहन इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। ऐसे में अंडरब्रिज में जलभराव होने से आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा आसपास स्थित औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत सैकड़ों मजदूर प्रतिदिन इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। रोजाना सैकड़ों दोपहिया, चारपहिया वाहन और पैदल राहगीर इस रास्ते से गुजरते हैं।

रेलवे फाटक बंद होने की स्थिति में यह मार्ग और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, लेकिन बारिश के दौरान अंडरब्रिज में पानी भर जाने से लोगों को लंबा चक्कर लगाने या जोखिम उठाकर पानी से गुजरने को मजबूर होना पड़ता है। समाजसेवी विकास पारीक ने बताया कि पिछले वर्षों में रेलवे प्रशासन द्वारा टेंडर प्रक्रिया से अंडरब्रिज से पानी निकालने के लिए पंप की व्यवस्था की जाती थी, जिससे आवागमन सामान्य बना रहता था। पिछले 2-3 माह से अब तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे हर बारिश के बाद यही समस्या सामने आ रही है। क्षेत्रवासियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अंडरब्रिज में स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित की जाए तथा बारिश के मौसम में तत्काल स्थाई पंप लगाकर पानी निकाला जाए, ताकि हमीरगढ़-चित्तौड़गढ़ के इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यातायात और आपातकालीन सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित हो सकें।



# खटवाड़ा में ब्लॉक स्तरीय कृषक संगोष्ठी आयोजित; विधायक खंडेलवाल बोले– 'जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाकर लागत घटाएं, उत्पादन बढ़ाएं'

**कृषि विभाग के तत्वावधान में खरीफ सीजन से पूर्व किसानों को मिला उन्नत कृषि का मंत्र; फार्म रजिस्ट्री**

स्मार्ट हलचल





**आकोला/खटवाड़ा।** ग्राम पंचायत खटवाड़ा में कृषि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय खरीफ पूर्व कृषक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले आयोजित इस विशेष संगोष्ठी में क्षेत्र के लगभग 130 महिला एवं पुरुष किसानों ने बेहद उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्नत खेती के गुर सीखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक श्री गोपाल लाल खंडेलवाल रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया।

### रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना समय की मांग — विधायक:

किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को पूर्ण रूप से अपनाने का पुरजोर आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं जहरीले कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित कृषि को बढ़ावा देना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जैविक खेती अपनाने से न केवल हमारी भूमि की उर्वरा शक्ति हमेशा के लिए सुरक्षित रहेगी, बल्कि खेती की उत्पादन लागत में भारी कमी आएगी, जिससे किसानों की शुद्ध आय में प्रत्यक्ष वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

### विशेषज्ञों ने सिखाए उन्नत कृषि और फसल प्रबंधन के गुर:

संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा उपस्थित कृषकों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों, जैविक खाद बनाने की विधि, कृषि के मूल मंत्र, फार्म रजिस्ट्री की प्रक्रिया, उन्नत पशुपालन, उद्यानिकी (बागवानी) योजनाओं तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी कृषि कल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार और विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। किसानों को आगामी मौसम और मानसून के अनुरूप उचित फसल प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि यंत्रों व तकनीकों के उपयोग के बारे में भी गहनता से जागरूक किया गया।

### वरिष्ठ राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद:

इस गरिमामय अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोवर्धन वैष्णव, भाजपा नेता उमाशंकर वैष्णव (बिजोलिया), स्थानीय जनप्रतिनिधि गोपाल जाट, सहायक निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र खटीक, आत्मा उपनिदेशक मीना चौधरी, सहायक कृषि अधिकारी सुरेंद्र कुमार वैष्णव, देवेंद्र कुमार तेली, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी शांतिलाल जैन, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक महावीर वैष्णव, रामेश्वर गुर्जर, उद्यान कृषि पर्यवेक्षक शिव प्रकाश मेघवंशी, स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक हरफूल जाट, दुर्गाशंकर गोस्वामी एवं कनिष्ठ सहायक रतन जाट सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान और कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ सीजन से पूर्व ही सशक्त और जागरूक बनाना रहा।

## सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया, जेसीबी चलाकर की बड़ी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल



**हमीरगढ़।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत नगर पालिका हमीरगढ़ ने शुक्रवार को मुणपुरा शहरी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन ने पुलिस एवं राजस्व विभाग के सहयोग से जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। नगर पालिका प्रशासक एवं उपखंड अधिकारी झंवर लाल मित्तल तथा अधिशाषी अधिकारी भानु प्रताप सिंह के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक कुई, रास्तों और सरकारी भूमि पर किए गए पक्के एवं कच्चे निर्माण, बाउंड्री वॉल और चबूतरों को हटाया गया। नगर पालिका के अनुसार अवैध अतिक्रमण के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही जल निकासी और सफाई व्यव-स्था भी प्रभावित हो रही थी। शहरी सेवा शिविर के दौरान इस संबंध में मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन की सख्त कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

इस मौके पर नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता विशाल पारिक, कनिष्ठ सहायक विजय कुमार माली, कनिष्ठ तकनीकी सहायक मनोहर लाल डट, एसबीएस इंजीनियर निखिल यादव सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिका ने आमजन से अपील की है कि सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा नगर के विकास कार्यों में सहयोग करें। प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर जनहित से जुड़े विकास कार्य कराए जाएंगे।

## पुराना चिकित्सा भवन प्रशासनिक उपेक्षा के चलते खण्डहर में तब्दील

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा



उपखण्ड मुख्यालय पर कस्बे के मध्य पुराना चिकित्सालय भवन प्रशासनिक उपेक्षा के चलते खण्डहर मे तब्दील हो रहा है। मगर फिर भी चिकित्सा विभाग द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।


पुराना प्राथमिक चिकित्सा केंद्र (पीएचसी) का आधा हिस्सा वार्ड तथा क्वार्टर चिकित्सा विभाग की उपेक्षा और अनदेखी का शिकार हो रहा है। यहां पर लगी लोहे की जालिया तो लोग चुरा ले गए। वही वार्ड के खिड़की दरवाजे या तो टुट गए। असामाजिक तत्वों के शिकार हो चुके है। वही वार्ड परिसर में कचरे और गंदगी का अंबार लगा होने के साथ ही कंटिली झाड़िया उगने लगी है।

## एमजी अस्पताल में सुरक्षा की खुली पोल: इमरजेंसी के बाहर सरेआम गुंडागर्दी

**जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर युवक पर हमला, होमगार्ड कर्मियों की मौजूदगी में तीन युवकों ने की मारपीट**

स्मार्ट हलचल





**भीलवाड़ा।** शहर के सबसे व्यस्त और सुरक्षित माने जाने वाले महात्मा गांधी जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर शुक्रवार शाम कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ती नजर आईं। अस्पताल परिसर में सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड कर्मियों की मौजूदगी में तीन युवकों ने एक युवक पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। घटना के दौरान सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद रहे, लेकिन हमलावरों को रोकने के लिए कोई प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया गया।

सूचना मिलने पर भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमला करने वाले तीनों युवकों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान आजाद नगर निवासी विवेक शर्मा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक घटना की शुरुआत अस्पताल के बाहर हुए एक सड़क हादसे से हुई। विवेक शर्मा अपनी कार से जा रहे थे, तभी एक बाइक उनकी कार से टकरा गई। बाइक पर एक युवक अपने परिवार के साथ सवार था, जो हादसे में सड़क पर गिर गए।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद विवेक शर्मा मौके से भागने के बजाय बाइक सवार परिवार का हालचाल जानने और उनकी मदद के उद्देश्य से महात्मा गांधी जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड तक पहुंचे। इसी दौरान बाइक सवार युवक और उसके साथ आए लोगों ने विवाद करते हुए विवेक पर हमला बोल दिया। देखते ही देखते तीन युवकों ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

घटना का सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि मारपीट अस्पताल परिसर में हुई, जहां सुरक्षा के लिए होमगार्ड कर्मी तैनात थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर काफी देर तक युवक के साथ मारपीट करते रहे, जबकि सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद होने के बावजूद उन्हें रोकने में प्रभावी भूमिका निभाते नजर नहीं आए।

अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते हैं, वहां खुलेआम हुई मारपीट ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। फिलहाल भीमगंज थाना पुलिस गिरफ्तार किए गए तीनों युवकों से पूछताछ कर रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के जन्मदिवस पर की गौ सेवा

**उपजिला चिकित्सालय में मरीजो को बांटे फल**



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 56 वें जन्मदिन के उपलक्ष पर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल जाट के नेतृत्व मे जिले भर मे सेवा कार्य के रूप में मनाया, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष संजय मालवीय ने बताया की जिला कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस बिजौलिया कार्यकर्ताओ ने निष्काम गौ शाला मे बीमार गायो को हरा चारा डाल कर जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित की गयी।

वही सवेरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उप जिला चिकित्सालय में बीमार व्यक्तियों को फल और बिस्किट भी वितरित किए गए।

इस मौके पर ब्लॉक संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा,सत्यनारायण मेवाड़ा,अनिल राव,अंकित तिवारी,कमलेश सेन, रामफूल धाकड़ तूफान यादव, जसवंत सोलंकी, जगदीश सांखला, शोभा टांक, अध्यक्ष कुंज बिहारी मेहर, पंकज धाकड़, विशाल तिवारी, हेमंत भदोरिया,सतार फौजदार, शिव मेघवंशी, कमल नायक, अर्जुन तांगड, जाईद मुल्तानी,पप्पू पूरी सहित सेकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता सहित निष्काम गौ शाला के आदित्य गोड, सत्तू कोली, सार्थक, विजय, पहलवान आदि उपस्थित रहे।

## चाँद जी की खेड़ी में संपन्न हुआ ग्रामीण सेवा शिविर



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** ग्रामीण सेवा शिविर 2026 ग्राम पंचायत चांद जी की खेड़ी में संपन्न हुआ जिसमें 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित हुए। शिविर में विधायक गोपाल लाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा तथा शिविर प्रभारी रामेश्वर बेरवा एवं ललित कुमार डीडवानिया तहसीलदार की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। शिविर में पंचायत राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत 10 पट्टे एवं प्रॉपर्टी पार्सल, प्रधानमंत्री आवास में निर्मित आवास की चाबी नंदकिशोर कंजर चीताबड़ा को सुपुर्द की गई। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण के 19, रास्ता खुलासा के 4, पत्थर गड़ी व सीमा ज्ञान के 5, सामलाती बटवारा 1 एवं नाम शुद्धिकरण के 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिसमें 30 वर्षों से मोजिया अपने नाम शुद्धिकरण से मौजीराम बना। मोजीराम ने ग्रामीण सेवा शिविर की सराहना करते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। ग्राम सेवा सहकारी समिति चांद जी की खेड़ी द्वारा अल्पकालिक फसल ऋण योजना के तहत माइक्रो एटीएम के माध्यम से 3 काश्तकारों को ऋण वितरण किया गया अन्य विभागों के दर्ज प्रकरणों का निस्तारण शिविर में हाथों-हाथ निपटारा किया गया तथा विधायक द्वारा खाद पर हो रही कालाबाजारी के संबंध में कृषि विभाग के अधिकारियों को पाबंद किया गया। ग्रामीण सेवा शिविर 2026 में प्रशासक मोहनलाल धाकड़,सह शिविर प्रभारी सुरेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी बंशीलाल कुम्हार, चैन सिंह , संजय पाराशर (गिरदावर), चेतन मीणा (पटवारी), गोवर्धन वैष्णव, शांतिलाल जोशी, उमाशंकर वैष्णव, वीरेंद्र वैष्णव, राजेश बैरागी, मिट्ठू सिंह, संदीप शर्मा सहित भाजपा नेता सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हरिद्वार में विहिप की केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल बैठक में गूंजा गोचर भूमि संरक्षण का मुद्दा

स्मार्ट हलचल



**मोड़ का निंबाहेड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मभूमि एवं विश्व विख्यात तीर्थस्थल मालासेरी डूँगरी के पुजारी हेमराज पोसवाल ने भाग लिया।

इस दौरान पोसवाल ने कार्यक्रम में गोचर भूमि संरक्षण और सामाजिक समरसता को लेकर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

हेमराज पोसवाल ने कहा कि यदि भगवान श्री देवनारायण जी के मंदिरों की गोचर भूमि को सरकार द्वारा संरक्षित कर दिया जाए तो एक भी गौवंश को सड़कों पर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने गौसंरक्षण को समाज और शासन दोनों की साझा जिम्मेदारी बताते हुए गोचर भूमि के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए कहा कि जिस प्रकार संतों की कोई जाति नहीं होती, उसी प्रकार आश्रम में आने वाले भक्तों को भी जाति के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। समाज में समानता, भाईचारे और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

बैठक को जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज, कैलाशानन्द जी महाराज महाराज, बलदेवदास जी महाराज, भास्करानन्द महाराज, महामंडलेश्वर आचार्य निर्वाणी पीठाधीश्वर विशोकानंद महाराज, दीदी माँ ऋतंभरा, प्रज्ञा भारती दीदी एवं प्रकाशानंद महाराज सहित पूरे देश भर से आये अनेक संत-महात्माओं ने संबोधित किया।

इस गरिमामय आयोजन में देशभर से पधारे संत-महात्माओं, आचार्यों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के सान्निध्य में राष्ट्र, धर्म, संस्कृति, सामाजिक समरसता, गौसंरक्षण, मंदिरों के संरक्षण तथा सनातन समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक एवं सार्थक चिंतन-मंथन किया गया। बैठक के समापन पर भगवान श्री देवनारायण जी से प्रार्थना की गई कि सभी श्रद्धालु एवं समाजजन राष्ट्रहित, धर्मरक्षा और समाजसेवा के कार्यों में निरंतर समर्पित भाव से अपना योगदान देते रहें।

## गंगापुर में अवैध शराब मामले में वांछित इनामी आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज, वृत्ताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के दिशा निर्देशों पर आवेश शराब मामले में वांछित 15 हजार के इनामी अपराधी हामिद मेव की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी लीलाधर मालवी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही कर अभियुक्त हामिद मेव को गिरफ्तार किया हैद्य थाना प्रभारी मालवीय ने बताया कि 11 अप्रैल 2025 को पुलिस थाना करेड़ा बीएसटी भीलवाड़ा की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए थाना सर्किल करेड़ा में शिवपुरी स्थित बंद पड़ी सरकारी स्कूल में छिपा रखी हरियाणा ब्रांड अवैध शराब की कुल 353 कार्टून जप्त किया जाकर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान लीलाधर मालवी पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी गंगापुर के जिम्मे किया गयाद्य जांच में पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन ट्रक जप्त किया गया तथा घटना में संलिप्ट आरोपी देवीलाल कलाल निवासी शिवपुर थाना करेड़ा वह महेंद्र सिंह रावत निवासी समिति ताल थाना देवगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गयाद्य घटना में संलिप्त रहे शेष फरार 15 हजार के इनामी आरोपी हामिद मेव और फिरोज पुत्र मुनफेद मेव उम्र 26 वर्ष निवासी धीमरी थाना पहाड़ी जिला डीग को साइबर सेल भीलवाड़ा व दौसा पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर पुछताछ जारी है।

## पीपलूंद बाईपास निर्माण में चारागाह भूमि से अवैध मिट्टी दोहन का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**सावन टांक के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी क्षत्रपाल सिंह को दी चेतावनी; 50 बीघा से अधिक चारागाह भूमि को पहुंचाया नुकसान, हजारों पेड़ उखाड़े, दोषियों पर कार्रवाई व ठेका निरस्त करने की मांग**

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पीपलूंद में निर्माणाधीन बाईपास सड़क परियोजना में ठेकेदार की मनमानी और नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे कार्यों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। पीपलूंद बाईपास निर्माण कार्य में चारागाह भूमि से बिना किसी वैधानिक प्रशासनिक अनुमति के बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी दोहन करने के गंभीर आरोपों को लेकर गुरुवार को सावन टांक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी (स्ष्ठरू) क्षत्रपाल सिंह चौधरी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने इस पूरे खेल की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कानूनी कार्रवाई अमल में लाने की पुरजोर मांग की है।



### 50 बीघा चारागाह भूमि का स्वरूप बिगाड़ा, पशुओं के सामने चारे का संकट:

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बाईपास सड़क का निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा क्षेत्र की करीब 50 बीघा से अधिक बेशकीमती चारागाह भूमि को अवैध खुदाई कर भारी नुकसान पहुंचाया गया है। इस अंधाधुंध खनन के चक्कर में वहाँ लगे हजारों हरे-भरे पेड़-पौधों को बेरहमी से उखाड़कर फेंक दिया गया, जिससे चारागाह का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए कहा कि पर्यावरण को पहुंचे इस नुकसान के कारण अब स्थानीय मवेशियों और पशुओं के लिए चारे व चरने का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

### अधिकारियों की चुप्पी और राजनीतिक संरक्षण का आरोप, शिकायतकर्ताओं को मिल रही धमकियां:


ग्रामीणों ने प्रशासनिक तंत्र पर भी तीखे सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि इस अवैध खनन और पर्यावरण को पहुंचाई जा रही क्षति की जानकारी पूर्व में ग्राम सचिव, हल्का पटवारी, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद अब तक धरातल पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में साफ तौर पर उल्लेख किया गया है कि ठेकेदार को स्थानीय स्तर पर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण जिम्मेदार मौन साधे बैठे हैं। हद तो यह है कि अब अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने वाले शिकायतकर्ताओं और ग्रामीणों को गंभीर धमकियां भी दी जा रही हैं।

### ठेका निरस्त करने और जुर्माना लगाने की मांग

ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से मांग की है कि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए, अवैध खनन पर भारी जुर्माना लगाया जाए, नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदार का ठेका तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा इस अवैध कृत्य में परोक्ष-अपरोक्ष रूप से सहयोग करने वाले विभागीय कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच हो। ग्रामीणों ने प्रशासन को दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र ही उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र व शांतिपूर्ण आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, मुकेश जाट, अनिल उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## हमीरगढ़ में एक घंटे में 1 इंच बारिश, बाजारों, सड़कों में भरा पानी

स्मार्ट हलचल



**हमीरगढ़।** कस्बे में शुक्रवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। लगभग 1 इंच बारिश दर्ज होने से शहर के कई निचले इलाकों, मुख्य बाजारों, गलियों और खेतों में पानी भर गया। बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली। तेज बारिश के कारण मुख्य बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र, विभिन्न कॉलोनियों और कई गलियों में पानी जमा हो गया। सड़कें जलमग्न होने से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर नालियों का पानी भी सड़कों पर बहने लगा।

बारिश का पानी खेतों में भरने से खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे किसानों को राहत मिली। हालांकि कुछ निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति भी बन गई। मौसम सुहावना होने से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली और बच्चों ने बारिश का आनंद उठाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में कई क्षेत्रों में पानी भर जाता है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

# मानसिक गुलामी का त्याग कर स्वाभिमानी बने, गौरव करें अपनी संस्कृति ओर विरासत पर-स्वामी गोविन्द देव गिरी

## स्वामी गोविन्द देव गिरी एवं संतों के सानिध्य में श्री प्रभुलाल जगदीशप्रसाद सोमानी माहेश्वरी हॉस्टल का शुभारंभ

### लोकप्रियता से नहीं मिलता सम्मान, हमारा आचरण श्रेष्ठ होना जरूरी-जस्टिस माहेश्वरी

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास मथुरा के उपाध्यक्ष विख्यात धर्म गुरू स्वामी गोविन्द देव गिरी के सानिध्य में शुक्रवार सुबह ए.बी.माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा द्वारा नवनिर्मित श्री प्रभुलाल जगदीशप्रसाद सोमानी माहेश्वरी हॉस्टल का शुभारंभ किया गया। भीलवाड़ा में द ग्रीन्स कॉलोनी के पास 200 फीट रिंग रोड पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के तत्वावधान में ए.बी.माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा द्वारा नवनिर्मित श्री प्रभुलाल जगदीश प्रसाद सोमानी माहेश्वरी छात्रावास के उद्घाटन समारोह में महामंडलेश्वर अनंतदेव महाराज, हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसारामजी महाराज, पंचमुखी दरबार के महन्त लक्ष्मणदास त्यागी राम धाम महाराज का भी सानिध्य मिला। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं भारतीय विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी थे। विशिष्ट अतिथि प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी रामपाल सोनी,अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा, सांसद दामोदर अग्रवाल एवं विधायक अशोक कोठारी रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य फीता खोल कर छात्रावास का लोकार्पण हुआ। इसके बाद संतों, अतिथियों एवं सोमानी परिवार के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की। पूजा पंडित कल्याण शर्मा ने सम्पन्न कराई। उद्घाटन के बाद तेरापंथ नगर सभागार में आयोजित समारोह में स्वामी गोविन्ददेव गिरी महाराज ने कहा कि हमे अपनी संस्कृति ओर विरासत पर गौरव करना चाहिए क्योंकि जिसकी स्मृतियां ओर स्वाभिमान नष्ट हो जाता है वहीं गुलाम बनता है। प्राचीन गुरूकुल शिक्षा प्रणाली की जगह लॉर्ड मैकाले की अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली ने भारतीयों को मानसिक गुलाम बना दिया क्योंकि अंग्रेज जानते थे कि किसी भी देश को बर्बाद करना हो तो उस देश की शिक्षा प्रद्धति को नष्ट कर दिया जाए।

संतोष की बात है कि पिछ्ले कुछ वर्षो से भारत बदल रहा है ओर अब शिक्षा प्रद्धति अकबर को नहीं महाराणा प्रताप को महान बताने लगी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का उत्थान ओर सच्ची स्वाधीनता को लाना है तो मानसिक गुलामी से मुक्त होना होगा। उच्च शिक्षित व्यक्ति अपनी परम्पराओं के प्रति स्वाभिमानी बने तभी शिक्षा की सार्थकता है। हमारे बच्चें हमारी परम्पराओं की आलोचना करे तो समझना संस्कारों की कमी है। मासांहार से नई पीढ़ी को बचाने की अपील करते हुए कहा कि शाकाहार ही मानवता का अलंकरण होता है। स्वामी गोविन्ददेव गिरी ने कहा कि अच्छा डॉक्टर, इंजीनियर या



सीए बनने से पहले स्वाभिमानी भारतीय बनना जरूरी है।

मानवीय मूल्यों पर चलने पर ही हमारा जीवन समाज व राष्ट्र के लिए उपयोगी होगा। मानव को मानव के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ये सिखाने वाली व्यवस्था ही धर्म होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा डिग्री देने तक सीमित नहीं होकर छात्र का कौशल विकास करने वाली ओर स्वालम्बी बनाने वाली होनी चाहिए। डिग्री लेकर नौकरी पाना ही शिक्षा का लक्ष्य नहीं होना चाहिए। हमारे मन में अपने पूर्वजों के कार्य एवं व्यवसाय के प्रति हीन भावना नहीं होकर स्वाभिमान के भाव होने चाहिए। युवाओं के कौशल विकास के बिना विधर्मियों से अपने समाज को नहीं बचा पाएंगे। स्वामी गोविन्ददेव गिरी ने छात्रावास निर्माण करने वाले सोमानी परिवार को साधुवाद अर्पित करते हुए कहा कि जीवन में अर्थ की सार्थकता तभी है जब उसका उपयोग दूसरों की जिंदगी संवारने में भी हो सके। छात्रावास के माध्यम से छात्रों को अध्ययन के लिए बेहतर सुविधायुक्त माहौल देने के साथ भारतीय संस्कृति ओर मूल्यों से जोड़ने की पहल भी करनी होगी। समारोह में मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं भारतीय विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी ने कहा कि माहेश्वरी समाज आर्थिक पूंजी से अधिक सामाजिक पूंजी बनाने में विश्वास करता है। छात्रावास निर्माण की पहल इसी सामाजिक पूंजी की मिसाल है। प्रतिभावान जरूरतमंद छात्रों की आवास सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण में ऐसी पहल बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज के लोग अपने कार्य व सेवा से प्रतिष्ठा प्राप्त करते है। राष्ट्र निर्माण एवं विकास में समाज को सक्रिय भागीदारी निभानी है। समाज की निरन्तर प्रगति के लिए जरूरी है कि उंचाई पर उड़ते समय पंख के साथ जड़ से भी जुड़े रहे। हम अपने कौशल से लोकप्रिय हो सकते लेकिन हर लोकप्रियता सम्मान प्राप्त नहीं कर सकती उसके लिए आचरण श्रेष्ठ होना जरूरी है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए अहंकार का त्याग जरूरी है। हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज ने सनातन एकता की अपील करते हुए कहा कि जातिवाद, पंथवाद ओर समाजवाद इस एकता की भावना को कमजोर करता है। समाज के कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाने पर ही सनातन धर्म मजबूत होगा। सनातन संस्कृति मजबूत होने पर ही भारत हिंदू राष्ट्र बन सकेगा। विशिष्ट अतिथि प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी रामपाल सोनी एवं अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा ने भी छात्रावास निर्माण के लिए सोमानी परिवार को साधुवाद अर्पित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य से प्रतिभावान जरूरतमंद छात्रों को शहर में उच्च अध्ययन व कोचिंग के लिए बेहतर आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि समाज की प्रतिभाओं का भारतीय ओर राज्य प्रशासनिक सेवाओं में अधिकाधिक चयन हो इसके लिए निरन्तर प्रयास करने होंगे ओर ऐसे छात्रावास में इन परीक्षाओं के लिए तैयारी करने वालों के लिए विशेष स्थान तय होना चाहिए। स्वागत उद्बोधन देते हुए सोमानी परिवार के नवनीत सोमानी ने बताया कि 104 छात्रों की आवास की क्षमता वाले करीब 15 करोड़ की लागत से निर्मिमत छह मंजिला छात्रावास में सर्वसुविधायुक्त ए.सी. कक्ष, भोजन कक्ष, कैफेटेरिया, कम्प्यूटर लैब, 100 छात्रों की क्षमता वाला हॉल, सीसीटीवी कैमरा, दो लिफ्ट आदि की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि छात्रावास संचालन का मुख्य उद्देश्य भीलवाड़ा में उच्च अध्ययन एवं प्रोफेशनल कोर्सेज की कोचिंग व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आने वाले समाज के सभी वर्गो के प्रतिभावान छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ सर्वसुविधायुक्त आवास सुविधा उपलब्ध कराना है। छात्रावास छात्रों को शिक्षा, संस्कार एवं व्यक्तिव विकास के क्षेत्र में नई उंचाईयां प्राप्त करने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करेंगा। कार्यक्रम मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया किविशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अशोक कोठारी, समाजसेवी लादूलाल बांगड़, श्रीगोपाल राठी एवं शांतिलाल पानगड़िया में मंचासीन रहे। उद्बोधन के प्रारंभ में स्वामी गोविन्ददेव गिरी ने मंचासीन अतिथियों के साथ छात्रावास निर्माण की अनुकरणीय पहल के लिए जगदीशप्रसाद सोमानी एवं नवनीत सोमानी का स्वागत अभिनंदन किया। अतिथियों ने जगदीशप्रसाद सोमानी के जीवन पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया।

अतिथियों का स्वागत ए.बी.माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा के जगदीशप्रसाद सोमानी, श्यामसुंदर सोमानी, नवनीत सोमानी, श्लोक सोमानी आदि ने किया। आभार ट्रस्ट के श्यामसुंदर सोमानी ने जताया। संचालन जगदीशप्रसाद कोगटा ने किया। भीलवाड़ा के प्रमुख उद्योगपति,समाजसेवी,जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार सहित समाज के विभिन्न वर्गो से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### संख्या घटती जाएगी तो बच नहीं पाएंगे

समारोह में उद्बोधन के दौरान स्वामी गोविन्ददेव गिरी ने हिन्दू धर्मावलम्बियों की घटती संख्या पर चिन्ता जाहिर करते हुए कहा कि यदि हमे अपना अस्तित्व कायम रखना है तो प्रत्येक हिन्दू परिवार में चार संतान का लक्ष्य रखना होगा। हम दो हमारे दो से हम दो हमारे एक या नहीं हो तो कोई बात नहीं जैसी बाते बुद्धिभ्रष्टता है। समाज को जागरूक होना पड़ेगा ओर सोचना पड़ेगा कि हम अपनी संख्या को घटा कर कहां ले जाना चाहते है। चिंतन नहीं किया तो सामाजिक डेमोग्राफी बदल जाएगी। समाज व संस्कृति की रक्षा करनी है तो संख्या बल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज की कुछ वर्षो पहले 16 लाख आबादी थी जो अब घटकर करीब 9 लाख रह गई है। समाज को चिंतन करना होगा कि आबादी इसी तरह घटती रही तो भविष्य क्या होगा ओर कैसे अपनी विरासत को सुरक्षित रख पाएंगे। इस अवसर पर रमेश चंद्र ,ललित ,राजेश सोमानी, श्यामसुंदर राघव सोमानी, डॉ शिवरतन डॉ शशांक सोमानी ,ओमप्रकाश बद्री प्रसाद सोमानी, सत्यनारायण नुवाल, श्यामलाल मुंन्दडा, मोहनलाल छापरवाल कैलाश चंद्र बाहेती नरेश माहेश्वरी ,साकेत अग्रवाल तेरापंथ सभा के पदाधिकारी गण ,बाबूलाल जाजू, गोविंद सोडानी, संदीप झवर, अशोक कालानी व शिक्षा समिति कपासन ट्रस्टी ,आईसीएआइ इकाई भीलवाड़ा शाखापदाधिकारी आदि ने स्वागत सत्कार किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास, प्रशासन ने आमजन को किया आमन्त्रित

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** उपखण्ड मुख्यालय पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, रविवार को सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक चारभुजा मंदिर परिसर स्थित विशाल डोम में ब्लॉक स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन उपखण्ड प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग ब्लॉक कोटड़ी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई है। योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी नागरिकों से परिवार सहित सहभागिता करने का आह्वान किया गया है। वही ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में ब्लॉक के समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, मुख्यालय पर संचालित सभी राजकीय व निजी विद्यालयों के कार्मिक एवं बालको के अलावा आमजन भाग लेंगे।

# सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण हुआ हादसा, बेकाबू ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** सावर कस्बे में गुरुवार देर रात एक बेकाबू ट्रक नगरपालिका क्षेत्र में सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे में डिवाइडर पर लगी करीब 30 फीट लंबी सुरक्षा रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावर के मुख्य द्वार के सामने हुई। शुक्रवार सुबह सावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से ट्रक को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों तथा सामने से आ रहे एक अन्य भारी वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक संतुलन खो बैठा, जिसके चलते ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया और सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए रुक गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय की दीवार से सटकर तथा मुख्य द्वार के सामने होने वाली अस्थाई वाहन पार्किंग के कारण सड़क संकरी हो जाती है। इससे विशेष रूप से भारी वाहनों के आवागमन के दौरान साइड देने में कठिनाई होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों एवं राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय के सामने अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण किया जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# रूद्र महावीर ने जीता एमपीएल सीजन-1 का खिताब, महेश नवमी महोत्सव का हुआ शुभारंभ

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

महेश नवमी पर्व के उपलक्ष्य में माहेश्वरी युथ सोसायटी, निंबाहेड़ा द्वारा आयोजित माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) सीजन-1 का फाइनल मुकाबला गुरुवार रात्रि को खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रूद्र महावीर टीम ने एसवीआरएल महेश वॉरियर्स को 10 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभम काबरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में विजेता टीम के कप्तान दिनेश सोमानी को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसी के साथ शुक्रवार सुबह पांच दिवसीय महेश नवमी महोत्सव का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में जिलाध्यक्ष नानालाल भूतड़ा, तहसील सभाध्यक्ष शिवनारायण धूपड़, माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष कन्हैया सोनी, युथ सोसायटी अध्यक्ष मनीष सोनी, मानसिंह देवपुरा, श्याम सोनी, अशोक मालू एवं सूरज सोनी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

महोत्सव के प्रथम दिन धार्मिक प्रश्नोत्तरी, महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता तथा लड्डू गोपाल ड्रेस डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के तहत आगामी दिनों में कैरम, शतरंज, सनातन धर्म आधारित रंगोली प्रतियोगिता, वन मिनट शो, विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता, अंताक्षरी तथा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सेमिनार जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज, महिला मंडल, माहेश्वरी युथ सोसायटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# ड्रग फैक्ट्री की जमीन 9 खातेदारों के नाम, अतिक्रमण कर किराए पर दी गई थी, अवैध निर्माण हटाने की तैयारी

स्मार्ट हलचल

### राजस्व विभाग ने किया मौका निरीक्षण

**बिजौलिया।** बिजौलिया। चंपापुर गांव की पहाड़ियों में संचालित अवैध एमडी ड्रग फैक्ट्री मामले में जांच के दौरान नया खुलासा हुआ है। राजस्व विभाग की जांच में सामने आया कि जिस भूमि पर फैक्ट्री संचालित हो रही थी, वह गुढ़ा निवासी एक राजपूत परिवार के नौ खातेदारों के नाम दर्ज है, जिनमें चार नाबालिग भी शामिल हैं।

गुरुवार को बडलियास थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर मौके का निरीक्षण कराया। इस दौरान गिरदावर संजय पाराशर एवं पटवारी दिनेश चौधरी ने मौका पर्चा तैयार किया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उक्त भूमि पर भंवर बंजारा ने कथित रूप से अवैध अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर रखा था। इसी भवन को करीब सात हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर देकर वहां ड्रग फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। खातेदारों को इस गतिविधि की जानकारी नहीं होने की बात सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुलिस ने यहां



दबिश देकर 36 किलोग्राम एमडीएमए, 155 लीटर रासायनिक पदार्थ, 30 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड तथा 8.50 किलोग्राम कास्टिक सोडा बरामद किया था। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है।

पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपियों से ड्रग निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियों को इस अवैध कारोबार के बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है।

तहसीलदार ललित डीडवानिया ने बताया कि मौके की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है तथा अवैध अतिक्रमण के संबंध में राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 177 के तहत कार्रवाई शुरू की जा रही है। नियमानुसार प्रक्रिया पूरी होने के बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

# ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रीपशुपतिनाथ गौशाला में गायों को हरा चारा एवं लापसी खिलाकर सेवा कार्य कर जन्मदिन मनाया गया।कार्यक्रम शाहपुरा बनेड़ा विधानसभा विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन एवं नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रचना सुनील मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उनके सेवा, समर्पण और जनहित के कार्यों को प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम में सरपंच भगवत सिंह राणावत,रामप्रसाद धाकड़, जिला अध्यक्ष लादूराम खटीक, नगर महासचिव ओम जी सिंधी,रामेश्वर सोलकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामदेव बेरवा, भेरूलाल खटीक, मुन्ना खान, बाबूलाल सिलावट, सांवरा कुमावत, पूर्व पार्षद ओम सेन, पुष्पेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस अमन पौंड्रिक, पार्षद प्रत्याशी विजय टेलर मुन्ना खान अशोक पुरोहित, हेमराज गुर्जर, विनोद रायका, अजय मेहता, नारायण कुमावत, कान सिंह चौहान अनिल पारीक विनोद सोनी रामू सिंधी, जाकिर देशवाली ओम खारोल छोटू सिंह,कैलाश फामडा, जाकिर देशवाली, सीता कहार, लाड देवी, रामकन्या, घिसी बाई, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने कहा कि राहुल गांधी देश में सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और आमजन की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उनके जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए गौसेवा कर समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर महिला कांग्रेस का सेवा सरोकार: चित्तौड़गढ़ जिले में सेनेटरी पैड और मिठाई वितरण कर मनाया उत्सव

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्षा सारिका सिंह के निर्देशानुसार, चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को बेहद अनूठे और सामाजिक सरोकार के रूप में मनाया गया। जिला अध्यक्षा यशोदा नरेंद्र पुरोहित के नेतृत्व में महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए जिले भर में व्यापक स्तर पर सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच केक कटवाकर मिठाई और चॉकलेट का वितरण भी हर्षोल्लास के साथ किया गया।

### अंतिम पंक्ति के नागरिक के उत्थान का लिया संकल्प:

जिलाध्यक्ष यशोदा नरेंद्र पुरोहित ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण कर मासिक धर्म स्वच्छता और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सजगता के साथ जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने संकल्प दोहराया कि राहुल



गांधी भविष्य में प्रधानमंत्री पद पर सुशोभित होकर देश के पिछड़े एवं अंतिम पंक्ति के भारतीय नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाएंगे। देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे संघर्ष में महिला कांग्रेस कदम से कदम मिलाकर हमेशा साथ देगी।

### कपासन, शहर व ग्रामीण ब्लॉकों में भी बहे सेवा सरोकार के सूत्र:

यशोदा नरेंद्र पुरोहित की प्रेरणा से चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी इस अभियान को गति दी गई। कपासन नगर अध्यक्षा सीता देवी जाट, चित्तौड़गढ़ शहर अध्यक्षा रेणु कंवर राठौड़ और चित्तौड़गढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्षा गायत्री चौधरी द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इस दौरान महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों, स्वच्छता के महत्व और इस्तेमाल के पश्चात पैड्स को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने (डिस्पोजल) के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

### राजनैतिक क्षेत्र के साथ सामाजिक कार्यों में रहेगी सक्रियता:

चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी जिला अध्यक्षा यशोदा पुरोहित के नेतृत्व में इस प्रकार के स्वास्थ्य और जागरूकता अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाओं को किसी भी प्रकार के संक्रमण या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस कार्यक्रम में जिला महासचिव व पार्षद सुशीला रेगर, आशा दमामी, बेगूं नगर अध्यक्षा नानी बाई रेगर, जिला सचिव दुर्गा जटिया, पिंकी रेगर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय बालिकाएं एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एबीवीपी प्रांत अभ्यास वर्ग में नवीन घोषणाएं: अदिति कंवर भाटी को पुन: मिली चित्तौड़गढ़ जिला संयोजक की कमान

## भीलवाड़ा के तेरापंथ भवन में संपन्न हुआ 4 दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग; राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री बालकृष्ण का मिला मार्गदर्शन, चित्तौड़गढ़ जिले व विभिन्न भागों को मिली बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारियां

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़/भीलवाड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय भव्य प्रांत अभ्यास वर्ग भीलवाड़ा के तेरापंथ भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन सत्र 2026-27 के लिए नवीन संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई, जिसमें चित्तौड़गढ़ जिले को बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संगठन ने छात्र हितों और राष्ट्रवादी छात्र आंदोलन को धार देने के लिए तेजतर्रार छात्र नेता अदिति कंवर भाटी पर पुन: विश्वास जताते हुए उन्हें एक बार फिर चित्तौड़गढ़ जिले का जिला संयोजक मनोनीत किया है।



### राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्रियों का मिला सघन मार्गदर्शन:

9 जून से 12 जून तक आयोजित इस प्रांत अभ्यास वर्ग में संपूर्ण चित्तौड़ प्रांत भर से 350 प्रमुख छात्र कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया, जिसमें से 17 अपेक्षित कार्यकर्ता अकेले चित्तौड़गढ़ जिले से शामिल हुए थे। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में अभाविप के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्री बालकृष्ण, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अश्विनी शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री श्री वीरेंद्र सिंह शक्तावत तथा राष्ट्रीय मंत्री हर्षित ननोमा ने विभिन्न वैचारिक, व्यावहारिक और संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वर्ग के दौरान विभिन्न स्तर की बैठकें, कार्यशालाएं, बौद्धिक प्रतियोगिताएं व आनंद सभाएं आयोजित की गईं।

### नवीन जिला कार्यकारिणी व भाग रचना की घोषणा:

अभ्यास वर्ग के समापन पर घोषित नवीन दायित्वों के तहत चित्तौड़ विभाग में विभाग प्रमुख पद पर श्री आलोक सिंह राठौड़ को दायित्व दिया गया है। वहीं, श्री सीताराम केसरी को बांसवाड़ा विभाग संगठन मंत्री के साथ-साथ चित्तौड़गढ़ संपर्क का जिम्मा सौंपा गया है। रामकृष्ण मेहता को चित्तौड़ विभाग संगठन मंत्री तथा नीलम मेहता को चित्तौड़गढ़ जिला प्रमुख मनोनीत किया गया है।

संगठन को धरातल पर मजबूत करने के लिए जिले में नई भाग रचना भी घोषित की गई है, जिसमें सुंदर भांड को चित्तौड़ भाग संयोजक, गोपाल धाकड़ को बेगूं भाग संयोजक, सुनीता मीणा को निंबाहेड़ा भाग संयोजक तथा कृष्णपाल सिंह राठौड़ को बड़ीसादड़ी भाग संयोजक मनोनीत किया गया है।

### पौधारोपण, सदस्यता और छात्र आंदोलनों की बनेगी मजबूत योजना:

पुन: जिम्मेदारी मिलने पर संगठन का आभार जताते हुए नवनिर्वाचित जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी ने अपनी आगामी कार्ययोजना स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद अपने आने वाले कार्यक्रमों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान, छात्र सदस्यता अभियान, आगामी विभाग अभ्यास वर्ग की तैयारी, मेधावी छात्र-प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करेगी। इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में छात्र हितों की रक्षा, बुनियादी समस्याओं के समाधान और छात्र आंदोलनों की योजना को मजबूत रूप देकर धरातल पर क्रियान्वित किया जाएगा।

# एमपीएल में लीग चरण समाप्त, सुपर-8 की तस्वीर साफ, क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का रोमांच शुरू

## शास्त्री नगर, आजाद नगर, संजय कॉलोनी ए और आरकेआरसी ए की शानदार जीत, आठ टीमों ने नॉकआउट दौर में बनाई जगह

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) सातवें दिवस पर रोमांच और उत्साह अपने चरम पर रहा। मोदी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सह संयोजक अर्चित मुन्द्रडा व सह खेल प्रभारी सीए अंकित लखोटिया तथा क्रिकेट खेल प्रभारी सजंय लाहोटी ने बताया की लीग चरण के अंतिम मुकाबलों के बाद अब प्रतियोगिता रोमांचक क्वार्टर फाइनल दौर में प्रवेश कर चुकी है। अब सुपर-8 (क्वार्टर फाइनल) की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः आठ टीमों ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमों में तिलक नगर, आरकेआरसी ए, प्रथिक नगर, संजय कॉलोनी ए, बसंत विहार, आजाद नगर, भोपालगंज ए व शास्त्री नगर शामिल है। अब प्रतियोगिता नॉकआउट दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां हर मुकाबला करो या मरो का होगा। क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी और फिर खिताबी मुकाबले के लिए संघर्ष करेंगी। दिनभर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। क्रिकेट खेल प्रभारी राजेन्द्र मालू, राकेश शारदा व अरूण काबरा ने बताया की टूर्नामेंट के सातवें दिन विभिन्न टीमों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले। बल्लेबाजों ने आकर्षक शॉट्स लगाए तो वहीं गेंदबाजों ने भी सटीक गेंदबाजी से अपनी टीम को मजबूती प्रदान की। कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैच का रुख बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज के पहले मुकाबले में पुराना शहर ने



पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 82 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शास्त्री नगर ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम कर लिया। रोनक धूत ने बेहतरीन 51 रन बनाने के साथ 1 विकेट भी हासिल किया और मैन ऑफ द मैच घोषित किए गए। दूसरे मुकाबले में आजाद नगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 105 रन बनाए। जवाब में पुर की टीम 7 विकेट पर केवल 27 रन ही बना सकी। इस तरह आजाद नगर ने 77 रन से शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में अंकित कालिया ने 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दिन के तीसरे मुकाबले में भोपालगंज बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 92 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संजय कॉलोनी। की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया और टीम ने 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले हरिओम नुवाल ने 71 रन की नाबाद पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। बीती रात्रि खेले गए मुकाबले में आरकेआरसी ए ने सांगानेर को एकतरफा अंदाज में पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सांगानेर की पूरी टीम मात्र 66 रन पर सिमट गई। जवाब में आरकेआरसी ए ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य 9 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए कुलदीप राठी ने 56 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैदान पर मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। मुख्य खेल प्रभारी रोशन देवपुरा व मुकेश चेचाणी ने बताया की अतिथि के रूप में समाजसेवी शिव सोडानी, सत्येन्द्र बिड़ला, ओम गटयाणी, देवेन्द्र सोमानी, प्रदीप बल्दवा, रामराय सेठिया, रामकिशन सोनी, सुशील मरोटिया, राजेन्द्र पोरवाल, महेन्द्र काकानी, केजी राठी, सत्यनारायण डाड, अभिजीत सारडा, दिनेश पेडीवाल, महावीर समदानी, राजेन्द्र प्रसाद बिड़ला, दिनेश राठी, दिनेश काबरा, बृजमोहन सोमाणी, लोकेश आगाल मौजूद रहे। सातवें दिवस के सफल आयोजन के साथ ही आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया व कार्यवाहक अध्यक्ष केदार गगरानी ने बताया की माहेश्वरी समाज के क्रिकेट प्रेमियों में नॉकआउट मुकाबलों को लेकर खासा उत्साह है। उन्होने ने सभी समाजजनों से आगामी मैचों में अधिकाधिक संख्या में उपस्थत होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की अपील की। तथा सभी खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखते हुए बेहतरीन क्रिकेट खेलने का आह्वान किया है। क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें अब क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबलों पर टिकी हैं।

### उर्वरकों के अवैध भण्डारण पर देवरी में बड़ी कार्रवाई

# 480 बैग डीएपी व 45 बैग एसएसपी जब्त, थाने में मुकदमा दर्ज



स्मार्ट हलचल

**बारां।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशों की पालना में कृषि विभाग की टीम ने शाहबाद क्षेत्र में खाद विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिसमें बड़ी मात्रा में खाद का अवैध भंडारण पकड़ा गया है।

## देवरी में अवैध स्टॉक पकड़ा गया

उपखण्ड अधिकारी शाहबाद सुनील झिंगोनिया, तहसीलदार शाहबाद अनीता के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीम ने 18 जून को देवरी क्षेत्र में उर्वरक विक्रेताओं के परिसर का निरीक्षण किया था। इसके बाद 19 जून 2026 को पुनः संयुक्त निदेशक कृषि राजेश विजय, कृषि अधिकारी धनराज मीणा व टीम ने मै. जय माता दी फर्टीलाइजर देवरी के विक्रय परिसर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विक्रेता देवेश मेहता द्वारा लगभग 480 बैग डीएपी और 45 बैग सिंगल सुपर फॉस्फेट का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन कर स्टॉक छिपाकर रखा गया था।

अवैध भण्डारण पर कृषि विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विक्रेता फर्म के विरुद्ध पुलिस थाना कस्बाथाना में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 12 व आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रबी सीजन में किसानों को खाद की कालाबाजारी और अवैध भण्डारण करने वालों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। किसानों को समय पर उचित दाम पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# विज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में विद्यार्थियों ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

कोली समाज, भीलवाड़ा के तत्वावधान में पंचायत भवन, कोली मोहल्ला में विज्ञान विषय के प्रति विद्यार्थियों में रुचि एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से सामान्य विज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का संचालन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक महेश कुमार भाकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में समाज के कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों में विज्ञान विषय को लेकर विशेष उत्सुकता देखने को मिली तथा सभी ने पूरी लगन के साथ परीक्षा दी।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना, सामान्य ज्ञान का विकास करना तथा उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना है।

परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अल्पाहार एवं नाश्ता प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी.टी.आई. राधेश्याम तलाया, मोतीसिंह मंडिया, सीताराम बछपरिया, देवीलाल गड़ौरिया, गोपाल छानवाल एवं पवन खोरवाल का विशेष सहयोग रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर: मांडलगढ़ में 2 माह से चल रहा योगाभ्यास का महाअभ्यास, नगरवासी ले रहे स्वास्थ्य लाभ

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षक विकास सोनी के सानिध्य में जुटे नगरवासी; नोडल अधिकारी

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले 'बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को मांडलगढ़ क्षेत्र में ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारियां चरम पर हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षक विकास सोनी के सानिध्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास प्रोटोकॉल के निमित्त एक विशेष योगाभ्यास शिविर का आयोजन पिछले दो महीनों से निरंतर किया जा रहा है। स्थानीय पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे इस दीर्घकालिक शिविर में नगरवासी बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

प्राणायाम, ध्यान और विभिन्न आसनों का कराया जा रहा है नियमित अभ्यास:

योग प्रशिक्षक विकास सोनी ने बताया कि पिछले दो माह से सुबह के सत्र में नगरवासियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न योग आसनों, सूक्ष्म व्यायामों, प्राणायाम और गहन ध्यान का अभ्यास करवाया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन योग की बारीकियों से रूबरू कराकर लोगों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोनी ने विश्वास जताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मांडलगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा, जिसे लेकर युवाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह है।

शिविर में नोडल अधिकारी व डॉक्टरों सहित जुटे प्रबुद्ध नागरिक:

योग की इस नियमित कक्षा में प्रशासनिक व चिकित्सा क्षेत्र के अधिकारियों सहित नगर के कई प्रबुद्ध नागरिक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. ज्ञानेंद्र गोयल, चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद वर्मा, रजनी सिंधी, दुर्गेश सोनी, प्रकाश सिंधी, राजकुमार व्यास, कुनाल टेलानी, मोनिका सिंधी, याशी खत्री सहित भारी संख्या में पुरुष, महिलाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहकर योग की विभिन्न विधाओं का निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। चिकित्सा अधिकारियों ने भी इस अवसर पर योग को निरोगी काया का सबसे बड़ा साधन बताते हुए आमजन से इससे जुड़ने की अपील की है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव का आगाज, बड़ी संख्या में जुटे योग साधक

# 'योगमय कोटा-स्वस्थ कोटा' के संकल्प के साथ त्रिदिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल | कोटा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में योगा फ्रॉम हार्ट द्वारा आयोजित निशुल्क त्रिदिवसीय योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महावीर नगर-III में भव्य शुभारंभ हुआ। निदेशक मोनिका जैन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का संदेश प्रसारित करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त बचनेश कुमार अग्रवाल (आईएएस) तथा अध्यक्ष द्वितीय आरएसी कोटा के उप कमांडेंट पवन जैन (आरपीएस) थे। विशिष्ट अतिथियों में वैद्य नित्यानंद शर्मा, अमोलक देवी, विमल जैन नांता, सुनील गौतम तथा एन.के.



गुप्ता उपस्थित रहे।

योगा फ्रॉम हार्ट के संस्थापक एवं योगाचार्य इंजीनियर मनीष जैन ने कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अनुरूप योग सत्र का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को योग के वैज्ञानिक, व्यावहारिक एवं स्वास्थ्यवर्धक पहलुओं की जानकारी दी। योग प्रार्थना से प्रारंभ हुए सत्र में सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, ध्यान एवं विश्राम क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर जीवन में सकारात्मकता और संतुलन भी स्थापित करता है।

जे.के. जैन, राजेश जैन 'अरिहंत', मोनिका जैन एवं ओ.पी. गुप्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस महाअभियान से कोटा की अनेक सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं सेवा संस्थाएं जुड़ रही हैं। सभी संस्थाओं का साझा उद्देश्य 'योगमय कोटा-स्वस्थ कोटा' के संकल्प को साकार करते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ एवं जागरूक समाज का निर्माण करना है।

उन्होंने बताया कि सकल जैन समाज, सकल दिगम्बर जैन समाज समिति, विभिन्न दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, जैन सोशल ग्रुप, भारत विकास परिषद की विभिन्न शाखाएं, जेसीआई, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, जीटो, इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस, ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसायटी तथा एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान सहित अनेक संगठन इस जन-जागरण अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

समापन अवसर पर योगाचार्य इंजीनियर मनीष जैन ने नागरिकों से 20 एवं 21 जून को प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित योग सत्रों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की थीम को जन-जन तक पहुंचाकर स्वस्थ, सक्रिय एवं सकारात्मक समाज के निर्माण में योगदान देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# राहुल गांधी ने अल्पसंख्यक जिलाध्यक्षों से किया सीधा संवाद, अन्याय के खिलाफ मजबूती से लड़ने का दिया भरोसा






स्मार्ट हलचल | बूंदी

गुरुवार को इंदिरा गांधी एआईसीसी कार्यालय, नई दिल्ली में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा 'कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देशभर से पहुंचे अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्षों के साथ सीधे संवाद कर संगठन को मजबूत करने और अन्याय के खिलाफ संघर्ष को तेज करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी तथा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बूंदी जिले से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष जावेद जेड़ ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

जावेद जेड़ ने बताया कि राहुल गांधी ने केवल भाषण नहीं दिया, बल्कि प्रत्येक जिला अध्यक्ष से व्यक्तिगत रूप से संवाद करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना। राहुल गांधी ने भरोसा दिलाया कि अन्याय, भेदभाव और सरकारी अत्याचार के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस पार्टी मजबूती से कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह संदेश सभी कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा, उत्साह और हौसले का स्रोत बना है। कार्यक्रम के दौरान जावेद जेड़ ने बूंदी और कोटा जिले से संबंधित संगठनात्मक गतिविधियों एवं स्थानीय मुद्दों का फीडबैक भी पार्टी नेतृत्व को दिया।

कार्यक्रम में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर भी चर्चा की गई।

# महेश नवमी महोत्सव में जुटेगा माहेश्वरी समाज, योग से लेकर महाअभिषेक तक होंगे आयोजन

## महेश नवमी महोत्सव-2026: कोटा में 23 जून को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, ओम बिरला दिखाएंगे हरी झण्डी

स्मार्ट हलचल | कोटा

माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस 'महेश नवमी' पर्व को इस वर्ष भी श्री माहेश्वरी समाज, कोटा के तत्वावधान में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भगवान महेश (शिव) एवं माता पार्वती के पूजन के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व समाज में आराध्य दिवस के रूप में विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर समाजबंधु अपनी संस्कृति, परंपरा और संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयोजनों में सहभागिता करेंगे। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव की शुरुआत 14 जून से हो गई है, जबकि 21 से 23 जून तक विशेष आयोजन होंगे। इस दौरान खेलकूद एवं विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं, योग दिवस, रक्तदान शिविर, महाशिवाभिषेक एवं पूजन, सायंकालीन भव्य शोभायात्रा, 'नवरंग' व 'नवसृजन' थीम पर आधारित सांस्कृतिक संध्या, सम्मान एवं पारितोषिक वितरण समारोह तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य समन्वयक महेश चंद अजमेरा ने बताया कि शोभायात्रा को मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर उर्जा मंत्री हीरालाल नागर, शिक्षामंत्री मदन दिलावर, विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, इस अवसर पर समाज अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, मंत्री बिट्ठलदास मूंदड़ा, मुख्य समन्वयक महेश चंद अजमेरा, उपाध्यक्ष नंद किशोर काल्या, सहमंत्री घनश्याम मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र शारदा, कोटा जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश चंद काबरा, मंत्री ओम गट्टानी, श्री माहेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष के. जी. जाखेटिया, मंत्री रामचरण धूत, श्री माहेश्वरी सेवा संस्थान नया कोटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भण्डारी व सचिव दामोदर मूंदड़ा, अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल की पश्चिमांचल उपाध्यक्ष मधु बाहेती, महिला मंडल कोटा अध्यक्ष सरिता मोहता, सचिव श्वेता माहेश्वरी, राजेश जाजू, सत्यनारायण चाण्डक एवं अविनाश अजमेरा की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम के आमंत्रण-पत्र (कार्ड) का विमोचन किया गया।

### योग दिवस व रक्तदान शिविर

समाज के मंत्री बिट्ठलदास मूंदड़ा ने बताया कि 21 जून को प्रातः 6:30 बजे माहेश्वरी भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा, जिसमें महिला व पुरुष परंपरागत सफेद वेशभूषा में योगाभ्यास में शामिल होंगे। संयोजक प्रकाश तापड़िया ने बताया कि कार्यक्रम में किरण मानधना व नीलम खुवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगी। इसी दिन प्रातः 9:15 बजे से श्री माहेश्वरी भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। खेल समन्वयक घनश्याम मूंदड़ा व अविनाश अजमेरा ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में 20 जून (शनिवार) को प्रातः 6 बजे गो प्ले, अन्नतपुरा में पिकलबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी, जबकि 21 जून को प्रातः 8:15 बजे झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन में केरम व शतरंज प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। खेल आयोजन में प्रायोजक राजाराम,पंकज,अन्नत व समस्त लड्डा परिवार व बिठ्ठलदास,अनिल,पवन व समस्त मूंदडा परिवार,अशोक,अंकित,आयुष लखोटिया परिवार,अशोक,मुरली नुवाल परिवार है।

### सांस्कृतिक संध्या 'नवरंग' व 'नवसृजन'

समन्वयक सरिता मोहता व श्वेता माहेश्वरी ने बताया कि 21 जून को सायं 7:15 बजे श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले 'नवरंग' कार्यक्रम में हरा, केसरिया, सफेद सहित नौ रंगों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियों के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में आनंद-मनोज राठी एवं महेशचंद-आशीष लड्ढा परिवार मुख्य प्रायोजक की भूमिका में रहेंगे। इसी क्रम में महिलाओं एवं युवतियों के लिए 'नवसृजन' कार्यक्रम 22 जून को सायं 4 बजे माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, श्रीनाथपुरम में आयोजित होगा। भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं पर आधारित इस कार्यक्रम में मांडना प्रतियोगिता, क्रोशिया प्रतियोगिता, किटी पार्टी आधारित रचनात्मक गतिविधियां तथा 'जीरो ऑयल कुकिंग' प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहेंगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सूरज बिरला एवं आशा माहेश्वरी होंगी, जबकि मोनिका नुवाल, प्रियंका राठी एवं विनिता बिरला समन्वयक की भूमिका निभाएंगी। नवसृजन कार्यक्रम में मुख्य प्रायोजक कमलादेवी,नारायण स्वरूपकालानी,लक्ष्मीकांत,धैर्यअग्रवाल,रहेंगे।

### महाअभिषेक एवं भव्य शोभायात्रा

मुख्य समन्वयक महेश अजमेरा एवं समन्वयक राजेश जाजू ने बताया कि 23 जून को समाजबंधु भगवान महेश का महाअभिषेक एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन करेंगे। प्रातः 7:15 बजे श्री माहेश्वरी भवन, झालावाड़ रोड़ पर 51 विद्वान पंडितों द्वारा 221 से अधिक यजमान दंपतियों सहित 221 शिवलिंगों का निर्माण कर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजन व महाअभिषेक संपन्न कराया जाएगा। इसके साथ ही चारभुजा मंदिर, सती चबूतरा, नीलकंठ महादेव मंदिर एवं गोविंद देव जी मंदिर, गढ़ पैलेस में भी महेश पूजन व अभिषेक का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विष्णु एवं बजरंग कुमार साबू परिवार रहेंगे।

समन्वयक प्रमोद कुमार भण्डारी ने बताया कि महेश नवमी के अवसर पर सायं 5:15 बजे श्री माहेश्वरी समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। हाथी, घुड़सवार, सजे-धजे वाहनों एवं पैदल चलते समाजबंधुओं के साथ यह शोभायात्रा ग्लोबल पब्लिक स्कूल, इंद्र विहार से प्रारंभ होकर माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, श्रीनाथपुरम, कोटा तक निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भगवान महेश की झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी, साथ ही अन्य देवी-देवताओं की झांकियां भी शामिल होंगी। पंचायत अध्यक्ष के जी जाखेटिया ने बताया कि मार्ग में माहेश्वरी समाज सहित अन्य समाजों के लोगों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा तथा अल्पाहार व जलपान की व्यवस्था रहेगी। मार्ग में 31 भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल पहुंचकर शोभायात्रा विशाल सभा का रूप लेगी, जहां सम्मान समारोह एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### डिस्पोजल-फ्री महाप्रसादी

समन्वयक हरिकृष्ण बिरला व राजेन्द्र शारदा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी महाप्रसादी का आयोजन पूर्णतः डिस्पोजल-फ्री रहेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता के तहत यह प्रयास किया गया है। महाप्रसादी में कोई वेटर नियुक्त नहीं किया जाएगा, बल्कि समाज के लोग स्वयं ही समाज के लोगों को भोजन परोसेंगे। इस दौरान माहेश्वरी समाज की परंपरा 'पहले करे परोसगारी, फिर ले अपनी बारी' का पालन करते हुए समाजबंधु महेश कुंभ में परोसगारी करेंगे। के जी जाखेटिया ने बताया कि महाप्रसादी के मुख्य सहयोगी राजेश कृष्ण, हरिकृष्ण, बालकृष्ण,ओमकृष्ण,दयाकृष्ण व नरेन्द्र बिरला सहित समस्त बिरला परिवार रहेंगे।

### 6 दिन तक नहीं मिले एंटी रैबीज इंजेक्शन

# पागल कुत्ते ने दो बच्चों समेत पांच को काटा, मरीजों को भटकना पड़ा




स्मार्ट हलचल | हरनावदाशाहजी (बारां)

कस्बे में दो दिन तक पागल कुत्ते ने आतंक मचाए रखा और इस दौरान दो मासूम बच्चों सहित पांच लोगों को काट लिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

घटना के बाद घायलों को हरनावदाशाहजी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन यहां की स्थिति चिंताजनक रही। 12 जून से लेकर आज 18 जून तक केंद्र पर एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाए, जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

मजबूरी में सभी घायलों को झालावाड़ जिले के जावर और अकलेरा जाकर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पड़े। इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चिकित्सा प्रभारी डॉ. रविन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि एक-दो दिन में इंजेक्शन की सप्लाई आने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल निकटवर्ती सेतकोलू राजकीय अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, जहां मरीज इलाज ले सकते हैं। इधर, ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने मिलकर पागल कुत्ते को रेस्क्यू कर दिया था, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों की मांग है कि सरकारी अस्पताल में जरूरी दवाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# चौडाकी-पाखर हत्याकांड को लेकर फूटा जनाक्रोश, हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

## परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी, विधायक राजेन्द्र मीणा की मौजूदगी में बनी सहमति

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के चौडाकी-पाखर गांव में युवक की हत्या के मामले ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद जहां पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है, वहीं ग्रामीणों और समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को न्याय की मांग को लेकर हजारों लोगों की मौजूदगी में जोरदार प्रदर्शन किया गया। लोगों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक हत्या के दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान चौडाकी-पाखर सहित आसपास के अनेक गांवों से लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि घटना के बाद भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना चिंता का विषय है। लोगों का कहना था कि यदि समय रहते अपराधियों पर कार्रवाई नहीं होती है तो इससे अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे।

### परिजनों का फूटा दर्द, बोले— हमें केवल न्याय चाहिए



मृतक के परिजनों ने प्रदर्शन के दौरान अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार ने अपना युवा बेटा खो दिया है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। परिजनों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। परिजनों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद खड़ा करना नहीं है, बल्कि उन्हें अपने बेटे के लिए न्याय चाहिए। तनावपूर्ण माहौल के बीच पहुंचा प्रशासन बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण बना रहा, लेकिन अधिकारियों ने लोगों से संवाद स्थापित कर शांति बनाए रखने की अपील की। बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। विधायक राजेन्द्र मीणा ने संभाली मोर्चा मामले की गंभीरता को देखते हुए महवा विधायक राजेन्द्र मीणा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। विधायक ने पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर जांच की प्रगति की जानकारी ली और मामले के जल्द खुलासे की मांग की। विधायक ने कहा कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और दोषियों को कानून के अनुसार सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने की बात कही।

### काफी देर चली वार्ता, बनी सहमति

प्रदर्शन के दौरान परिजनों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच कई दौर की बातचीत हुई। लंबी वार्ता के बाद पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच युद्ध स्तर पर की जा रही है और आगामी तीन दिनों के भीतर पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के इस आश्वासन के बाद परिजन और समाज के लोग शांत हुए तथा प्रदर्शन समाप्त करने पर सहमत हुए। हालांकि लोगों ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं होती है तो भविष्य में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल

युवक की हत्या के बाद चौडाकी-पाखर सहित पूरे महवा क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के घर पर लगातार लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने परिवार को सांत्वना देते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की हैग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस मामले में त्वरित कार्रवाई बेहद जरूरी है। लोगों को अब पुलिस द्वारा दिए गए तीन दिन के आश्वासन पर नजर है और सभी को उम्मीद है कि जल्द ही हत्याकांड का पर्दाफाश होगा।

### तीन दिन पर टिकी सबकी निगाहें

अब पूरे क्षेत्र की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हुई हैं। यदि पुलिस तय समय में मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लेती है तो पीड़ित परिवार को न्याय की दिशा में राहत मिलेगी। वहीं यदि कार्रवाई में देरी होती है तो क्षेत्र में एक बार फिर जनाक्रोश भड़क सकता है। फिलहाल प्रशासन और पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है तथा भरोसा दिलाया है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# डाइट वार्षिक पंचांग के संदर्भ जिला एवं ब्लॉक अधिकारियों का आमुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

आर.एस.सी.ई.आर.टी. उदयपुर द्वारा डाइट के लिए जारी पंचांग 2026-27 में योजना एवं प्रबन्ध प्रभाग की अनुमोदित गतिविधि की अनुपालना में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण डाइट, उदयपुर में आज शुक्रवार को आयोजित किया गया।

डाइट प्रिंसीपल डीईओ शीला काहाल्या ने बताया कि इस आमुखीकरण प्रशिक्षण में उदयपुर एवं सलूंबर जिले के सभी 20 ब्लॉक के 40 शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के उदघाटन सत्र में परिचयात्मक जानकारी के साथ ही प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी ने डाइट के वार्षिक पंचांग एवं प्रभागों के कार्यों पर बिन्दुवार विस्तृत जानकारी सांझा की।

इस अवसर पर स्वयं सेवी संस्था सीएमएफ टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि दिलीप शर्मा ने राजकीय विद्यालयों में पुस्तकालयों के बेहतर संचालन ,नवीनीकरण तथा सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से पीपीटी प्रेजेंटेशन कर जानकारी दी। इस दौरान झल्लारा सीबीईओ नगेन्द्र कुमार मेहता ने वर्तमान समय में राजकीय विद्यालयों में पुस्तकालयों के उपयोग की स्थिति पर असंतोष प्रकट करते हुए पुस्तकालयों में बाल साहित्य की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं छात्रों द्वारा इसके अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया। दूसरे सत्र में आरएससीईआरटी उदयपुर की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ आभा शर्मा द्वारा 'खुशी शाला खुद की खोज' विषय पर महत्वपूर्ण प्रस्तुतीकरण दिया।

इस अवसर आयोजित खुली चर्चा में डाइट प्रिंसीपल डीईओ शीला काहाल्या के साथ ही गिर्वा सीबीईओ दुर्गेश मेनारिया,कुराबड सीबीईओ मीना शर्मा,ऋषभदेव सीबीईओ सतीश गांधी,झल्लारा सीबीईओ नगेन्द्र कुमार मेहता,कोटड़ा सीबीईओ विजय लक्ष्मी सारस्वत, जयसमन्द सीबीईओ प्रीति शर्मा, सायरा सीबीईओ आशा सोनी सहित विभिन्न ब्लॉक के एसीबीईओ तथा संदर्भ व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर संस्थान के सीएमडीई प्रभागाध्यक्ष तेजपाल द्वारा भाषा समर कैंप की जानकारी साझा की है वही बहुभाषीय शिक्षण हेतु डाइट उदयपुर द्वारा तैयार 'सेतु' मॉड्यूल की प्रति प्रत्येक सीबीईओ को प्रदान की गई। प्रशिक्षण के अंत में प्रभाग प्रभारी त्रिभुवन चौबीसा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अधूरे नाला निर्माण को लेकर कनकविहार कॉलोनीवासियों में रोष, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

ब्रह्मपुरी स्थित कनकविहार कॉलोनी के निवासियों ने क्षेत्र में निर्माणाधीन नाले की खामियों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि नाले का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आगामी बरसात में जलभराव और जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।



ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में बनाए जा रहे नाले को नियोजित रूप से मुख्य बरसाती नाले से नहीं जोड़ा गया है। कॉलोनीवासियों के अनुसार नाले को आगे एक गली से होते हुए बरसाती नाले तक ले जाना था, लेकिन निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिया गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि नाले को मुख्य जल निकासी तंत्र से नहीं जोड़ा गया तो कॉलोनी की नालियों का पानी उचित निकासी नहीं होने के कारण क्षेत्र में जमा हो सकता है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

कॉलोनीवासी पृथ्वीराज सिंह चौहान, आर.सी. पुरोहित, हर्षवर्द्धन सिंह राठौड़, राजेन्द्र जायसवाल, विजय खंडेलवाल, भरत (पिंटू) सहित अन्य निवासियों ने प्रशासन से मांग की कि नाले की कनेक्टिविटी शीघ्र बरसाती नाले से करवाई जाए तथा जब तक यह कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक कॉलोनी की अन्य नालियों को निर्माणाधीन नाले से नहीं जोड़ा जाए। ग्रामीणों एवं कॉलोनीवासियों ने जनहित को देखते हुए मामले में तकनीकी निरीक्षण करवाकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

# सेवा और समर्पण के साथ मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन: महिला कांग्रेस ने भीलों की झोपड़ियों में बांटे सेनेटरी पैड, फल व चॉकलेट

## राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा व जिला अध्यक्षा यशोदा पुरोहित के निर्देशन में हुआ आयोजन; शहर अध्यक्षा रेणु कंवर और ग्रामीण अध्यक्षा गायत्री चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने काटा केक

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी का जन्मदिवस चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस द्वारा पूर्ण रूप से सेवा, समर्पण एवं जनहित के संकल्प के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा, प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह, पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत एवं चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष यशोदा पुरोहित के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम को सामाजिक सरोकार से जोड़ा गया। चित्तौड़गढ़ शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेणु कंवर राठौड़ एवं ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष गायत्री चौधरी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम केक काटकर जन्मदिवस की खुशियां साझा कीं।



जन्मदिन के विशेष अवसर पर महिला कांग्रेस की टीम भीलो की झोपड़ियों में पहुंची। यहाँ गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों को फल, मिठाई और चॉकलेट वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही, युवतियों और महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित कर उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी जीवन एवं राष्ट्रहित में उनके निरंतर सक्रिय रहने की मंगलकामना की।

### लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की प्रेरणा हैं राहुल:

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी सदैव देश के गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्गों की आवाज को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाते रहे हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं जनहित के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता देशभर के करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए सबसे बड़ी प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान उप-स्थत कार्यकर्ताओं ने जनसेवा, सामाजिक सद्भाव एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### कार्यक्रम में यह पदाधिकारी रहीं उपस्थित:

इस गरिमामय आयोजन के दौरान जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मीनाक्षी भड़कत्या, कलिका पाटनी, पूर्व पार्षद कुसुम मीणा, प्रतिभा तिवारी, मधु गोस्वामी, वृतिका सालवी, नेहा सिंह, ज्योति तिवारी, माया सालवी, रितु, अनुराधा, सुगना भील, पार्वती, रुकया बानो, सीमा साहू, देवराज एवं हर्षवर्धन सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय महिलाएं, बालिकाएं व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस पेडनेकर ने किए पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना ब्रह्मा जी दर्शन



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** बॉलीवुड की उभरती अभिनेत्री गुरुवार को तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचीं। अपने निजी प्रवास के दौरान उन्होंने पवित्र पुष्कर सरोवर की पूजा-अर्चना की और विश्व प्रसिद्ध में दर्शन कर अपनी आगामी फिल्मों की सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुष्कर प्रवास के दौरान अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने धार्मिक आस्था के साथ यहां की संस्कृति और खान-पान का भी आनंद लिया। उन्होंने पुष्कर के प्रसिद्ध मालपुओं और कचौरियों का स्वाद चखा, वहीं इजरायली व्यंजनों का भी जायका लिया। भूमि पेडनेकर के पुष्कर भ्रमण के दौरान तीर्थ पुरोहित शत्रुंजय पाराशर ने उन्हें सरोवर और प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया। उन्होंने अभिनेत्री को पुष्कर के धार्मिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वही इस कड़ी में बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने एनिमल केयर सोसायटी रेस्क्यू सेंटर गौशाला में विजिट किया । यहाँ चल रही गोसेवा के साथ अन्य जीवो के सेवा देखकर काफी खुशी व्यक्त की एनिमल केयर सोसायटी की पूरी टीम को बेहतरीन कार्य करने के लिए बधाई दी।

# बिछोर के रूद्रप्रताप सिंह ने शूटिंग में रचा इतिहास, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण सहित तीन पदक

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

बेंगू क्षेत्र के ग्राम बिछोर निवासी 15 वर्षीय छात्र रूद्रप्रताप सिंह चुण्डावत ने जयपुर में आयोजित 24वीं राजस्थान राज्य रायफल एवं पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। रूद्रप्रताप ने 10 मीटर एयर रायफल सब-यूथ वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नई उपलब्धि हासिल की।



प्रतियोगिता में रूद्रप्रताप सिंह ने 400 में से 398 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने 10 मीटर एयर रायफल जूनियर एवं यूथ वर्ग में कांस्य पदक जीतकर कुल तीन पदक हासिल किए।

खेल प्रेमियों के अनुसार चित्तौड़गढ़ जिले के छात्र वर्ग में पहली बार किसी प्रतिभागी ने राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

रूद्रप्रताप सिंह वर्तमान में चित्तौड़गढ़ के एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत हैं। उनके पिता विजयसिंह चुण्डावत वंडर सीमेंट, निम्बाहेड़ा में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने पुत्र को शिक्षा के साथ-साथ शूटिंग खेल में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रेरित किया।

रूद्रप्रताप की इस उपलब्धि पर हरिसिंह चुण्डावत, मदनसिंह, जवानसिंह, देवेन्द्रसिंह, राघवेन्द्रसिंह, भूपेन्द्रसिंह, जसवंतसिंह राठौड़, विक्रमसिंह राठौड़, रणवीरसिंह, राज्यवर्धनसिंह, खुश्मेन्द्रसिंह, शूरवीरसिंह, दक्षराजसिंह, प्रद्युम्नसिंह, उदयलाल धाकड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजनों, खेल प्रेमियों एवं परिवारजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# चारागाह और श्मशान भूमि पर अतिक्रमण का आरोप, कार्यवाही की मांग

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

गंगरार तहसील की ग्राम पंचायत बोलो का सांवता के अंतर्गत आने वाले ग्राम ऐरा के ग्रामीणों ने चारागाह (गोचर) एवं श्मशान भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव की सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों एवं पशुपालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



ज्ञापन में बताया गया कि गांव के बाहर नाड़ी की ओर स्थित स्कूल एवं श्मशान घाट के समीप की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में चारागाह के रूप में दर्ज है, जिसका उपयोग वर्षों से ग्रामीणों के मवेशियों के चरने के लिए होता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर तारबंदी कर दी है तथा प्लॉट काटकर पक्के निर्माण शुरू कर दिए हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मृत पशुओं को डालने के लिए निर्धारित स्थान पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही श्मशान भूमि के आसपास किए गए कब्जों के कारण अंतिम संस्कार संबंधी व्यवस्थाओं में भी बाधा उत्पन्न होने की बात कही गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी प्रशासन को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर अवैध कब्जे हटाने तथा सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। ज्ञापन में चारागाह एवं श्मशान भूमि पर किए गए कथित अवैध निर्माणों को हटाने और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग भी की गई है।

# राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के जन्म दिवस के उपलक्ष मे पुष्कर मे हुए कई सामाजिक,धार्मिक व शैक्षणिक कार्यक्रम युवा छात्र नेता एनएसयूआई अध्यक्ष पं,मधुसूदन मैक्स पाराशर के नेतृत्व में मनाया गया । इस मौक़े पर गाँधी के जन्म दिवस को भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें सरोवर में दुग्धाभिषेक,गौ शाला मे,चारा व गुड,वृद्धाश्रम मे फल सेवाएं व स्कूली छात्रों को शैक्षणिक किट देकर, सेवा कार्य कर अपने नेता के जन्मदिन को विशेष रूप से मनाया ।आयोजित कार्यक्रम में अन्ता विधायक प्रमोद जैन भाया सपत्नी ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप मे सम्मिलित होकर तीर्थ पूजा व जगत पिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन गाँधी के दीर्घायु जीवन की कामना की।वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद पाराशर, युवा नेता रमेश गुर्जर, शरद पाराशर,महेश नायक, लाला घारु, किशन घारु, अवधेस कुर्डिया भोलू पाराशर, करण, भावीस् सेन,राहुल घारु, रोहित भाट, गोविंद घारु, राज घारु, गोविंद घारू, प्रकाश योगी, राज घारु, समीर भाट, सागर भाट, राहुल भाट, सुरेश, राज, सहित कई युवा कार्यकर्ता शामिल हुए थे।

# हार्टफुलनेस और श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति द्वारा मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

स्मार्ट हलचल | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार, 21 जून को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की सहभागिता में हार्टफुलनेस संस्था एवं श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति द्वारा श्री भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउंड, सीकर रोड, जयपुर में एक विशाल योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 6:00 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें लगभग 2000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य योग को केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित न रखकर उसे एक समग्र जीवन पद्धति के रूप में प्रस्तुत करना है, जिससे व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा में संतुलन स्थापित हो सके।



कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्राणायाम, योगासन, विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक मुद्राओं, हार्टफुलनेस रिलेक्सेशन तथा निर्देशित ध्यान का अनुभव कराया जाएगा। साथ ही ध्यान की वैज्ञानिक एवं सरल पद्धति से भी अवगत कराया जाएगा, जिससे लोग तनावमुक्त और संतुलित जीवन की दिशा में प्रेरित हो सकें।

### ब्राइटर माइंड्स का रहेगा आकर्षण

इस अवसर पर ब्राइटर माइंड्स तकनीक का भी विशेष परिचय कराया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों और युवाओं की मानसिक क्षमताओं, एकाग्रता, स्मरण शक्ति तथा अंतर्निहित संभावनाओं को विकसित करने के अभिनव तरीकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में ब्राइटर माइंड्स के प्रशिक्षित छात्र आंखों पर पट्टी बांधकर केवल स्पर्श और अनुभूति के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना, कार्ड पढ़ना तथा अन्य रोचक और आश्चर्यजनक प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे।

हार्टफुलनेस संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि योग और ध्यान का समन्वय व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक संतुलन को भी सुदृढ़ बनाता है। इसी उद्देश्य से समाज के सभी वर्गों को इस विशेष आयोजन में परिवार सहित भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

आयोजकों ने अधिकाधिक नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर योग, ध्यान एवं सकारात्मक जीवनशैली के इस महाअभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया है।

# अलमारी का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण व 12 हजार नगद चोरी

**बेगूं।** उपखंड क्षेत्र के पाछून्दा गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे हुए लाखों के जेवरात एवं नगदी चोरी कर ली, इस दौरान पूरा परिवार छत पर सो रहा था, घटना की जानकारी सुबह कमरे में सामान बिखरा होने के बाद हुई।जानकारी के अनुसार पाछून्दा गांव में निवासरत शंकर लाल चतुर्वेदी का पूरा परिवार छत पर सोया हुआ था, तभी अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर कमरे में रखी हुई अलमारी का ताला तोड़कर दो जोड़ी सोने के टॉप्स, एक सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी के पायजब और 12 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। घटना की जानकारी सुबह जाग होने पर मिली तो गृह स्वामी के होश उड़ गए। उन्होंने कमरे में बिखरा हुआ सामान देखकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, चोरी होने की जानकारी मिलने पर मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई।



# बॉस हों पार्ट टाइमर तो ऐसे करें डील

**जॉब के दौरान कई परिस्थितियों से दो चार होना पड़ता है। ऐसा हो सकता है कि कंपनी पार्ट टाइम बॉस को नियुक्त कर दे। ऐसी स्थिति में टीम की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बॉस के साथ तालमेल बैठाकर उन्हें फैसले लेने होते हैं...**

जब आपके ऑफिस में पार्ट टाइम काम करने वाले बॉस हों और आप फुल टाइमर एम्प्लॉइ हों, तो स्थिति थोड़ी सी नाजुक हो जाती है। ऐसे में पूरी टीम को बॉस के साथ बराबर टच में रहना होता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि टीम को फुल टाइमर बॉस की कमी महसूस होती है। टीम को कई मुद्दों पर बातचीत करने की जरूरत होती है। कई बार ऐसा होता है कि पार्ट टाइमर बॉस पूरा समय नहीं दे पाते हैं। आप अपनी कंपनी में ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, तो यहां पर दिए जाने वाले टिप्स कारगर साबित हो सकते हैं। आइए डालते हैं एक नजर –

## मानसिकता सही रखें

एक्सपर्ट कहते हैं कि एक पार्ट टाइमर बॉस किसी संस्था में काम करता है, तो वहां पर काम करने वाले लोगों के मन में यह भावना विकसित हो सकती है कि वह पावर का दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। बॉस का पद जिम्मेदारी भरा पद होता है और कंपनी बॉस पर भी नजर रखती है। याद रखें कि इसके लिए कंपनी हमेशा ही अपने स्तर पर सही व्यक्ति का चुनाव करती है। ऐसे में यह है कि टीम भी सही मानसिकता के साथ बॉस को सहयोग दे और अपना काम करे। वह कॉरपोरेट जगत के वैल्यू को समझे।

## कम्यूनिकेशन का होता है अहम रोल

जहां बॉस पार्ट टाइम काम करते हैं और उनके साथ काम करने वाले बाकी लोग फुल टाइम जॉब करते हैं, वहां पर कम्यूनिकेशन का रोल अहम हो जाता है। एक्सपर्ट मानते हैं कि ऐसी स्थिति में टीम को बॉस के साथ कम्यूनिकेशन लेवल हाई रखना पड़ता है। एक बार कम्यूनिकेशन करने का स्टाइल फिक्स हो जाता है, तो बाद में चीजों को बदल पाना आसान नहीं होता है। जब कम्यूनिकेशन सही रहेगा तो प्रॉब्लम का निपटारा भी पलक झपकते ही हो जाएगा। ऐसे में पार्ट टाइमर बॉस के संग भी टीम बेहतर रिजल्ट दे सकती है।

## फैसला लेने की कला सीखें

आप ऐसी जगह काम कर रहे हैं, जहां फुल टाइमर बॉस नहीं हैं, तो जरूरी है कि टीम का हर एक सदस्य खुद पर भरोसा दिखाए और फैसला लेने की कला सीखे। याद रखें कि जब बॉस फुल टाइमर नहीं होते हैं, तो सबसे ज्यादा दिक्कत फैसला लेने में ही होती है। वर्कप्लेस पर कई बार आपको पलक झपकते ही बड़े फैसले लेने होते हैं। दूसरा बड़ा मुद्दा यह होता है कि आप आज के कॉम्पिटिशन भरे माहौल में टीम में तेजी कैसे लाएं। जॉब एक्सपर्ट कहते हैं कि इससे निपटने के लिए कंपनियों को चाहिए कि वह फैसला लेने के अधिकार को बांट दे। इससे जहां टीम के सदस्यों में कॉन्फिडेंस पैदा होता है, वहीं समय के भीतर फैसला लेने से काम में तेजी भी आती है।

# ...तो आप भी हैं कामयाब लीडर

एक लीडर में अपनी बात को असरदार तरीके से दूसरों तक पहुंचाने का हुनर आना चाहिए। एक लीडर, अगर वह अपनी बात अपने साथ काम करने वालों को बेहतर तरीके से कम्यूनिकेट कर पाने में समर्थ है, तो इससे कामकाजी माहौल ऊर्जा से भर जाता है, लोग उत्साह से काम में जुटते हैं और उनकी रचनात्मकता काम में झलकने लगती है। एक दूरदर्शी सोच रखने वाला लीडर एक जुनूनी टीम बनाने में यकीन रखता है। यह टीम एक समान लक्ष्यों के लिए पूरे जोशोखरोश से काम करती है। अपना कारोबार फैलाती किसी भी कंपनी को एक मजबूत मैनेजमेंट के साथ–साथ ऐसी टीम की भी दरकार रहती है, जो साथ काम करने वाले लोगों के बीच आपसी एकता, यकीन और आदर की बुनियाद पर बनी हो। कामयाबी का राज है, कामकाज में साफ–सुथरापन। एक कामयाब लीडर इस बात की अहमियत जानता है और अच्छे कामकाज के लिए अपने एंप्लॉई के साथ एक बेहतर समझ विकसित करता है। इससे न सिर्फ कामकाज का बिना किसी रुकावट के निपटारा होता जाता है, बल्कि टीम के भीतर एक खुशनुमा कामकाजी माहौल भी बरकरार रहता है।



# इन बातों का ध्यान रखें तो कदम चूमेगी कामयाबी

**जब आप अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट होते हैं, तो यह जान जाते हैं कि आप कौन हैं? आप क्या हैं? आपको क्या करना है और आप क्या चाहते हैं? अगर ये चीजें आपके दिमाग में साफ हैं, तो आपकी सफलता का पहला चरण सुनिश्चित हो जाता है।**

## बनें योग्य

कामयाब होने के लिए सबसे पहले यह जरूरी है कि आप खुद को योग्य बनाएं। क्योंकि आप तब तक ऊपर नहीं चढ़ सकते, जब तककि आप में योग्यता नहीं हो। इसलिए पहले खुद को योग्य बनाना जरूरी होता है। इसके लिए लगातार प्रयत्न करना पड़ेगा। याद रखें कि कोशिश करने वालों की कभी भी हार नहीं होती है।

## दबाव झेलने की क्षमता

जब जिम्मेदारी बढ़ेगी तो दबाव के साथ–साथ अवरोध भी उत्पन्न होगा। ऐसे में इस तरह की विपरीत परिस्थितियों को झेलने की क्षमता आपमें जरूर होनी चाहिए। वैसे जब आपको एवरेस्ट पर चढ़ाई करनी हो तो रास्ते में दिक्कतें तो आएंगी ही। दिक्कतों का सामना करने से ही सफलता का दरवाजा खुलता है।

## भरपूर एकाग्रता जरूरी

इसके बिना तो आप साइकल भी नहीं चला सकते। एकाग्रता एक ऐसी चीज है, जो हर जगह काम आती है। आप अपने काम में इसके द्वारा ही परफेक्शन लाते हैं। किसी भी काम को साधारण से असाधारण बनाने के लिए एकाग्रता की जरूरत होती है। इसके माध्यम से आप बड़े से बड़े लक्ष्य को भेद सकते हैं।

## रचनात्मकता भी जरूरी

एक प्रफेशनल की सफलता में उसकी रचनात्मकता का काफी अहम योगदान होा है। इसलिए इस ओर ध्यान देना जरूरी है।

## साहस बनाए रखें

कहते हैं रिस्क लेने के बाद ही आगे बढ़ने का रास्ता खुलता है। इसके लिए साहस सबसे जरूरी चीज है। किसी ने सही कहा है कि हिम्मत रखने वालों की कभी हार नहीं होती इसलिए जीतने के लिए साहस बहुत जरूरी है।







# हार्डवेयर फील्ड में खूब हैं जॉब, मस्त सैलरी

**आज शायद ही ऐसा कोई ऑफिस हो, जहां का कामकाज कंप्यूटर पर आधारित न हो। इसके अलावा, घर, स्कूल आदि जगहों पर भी सभी कामकाज कंप्यूटर पर ही किए जाते हैं। अगर ये सुचारू रूप से काम न करें, तो सारा कामकाज अचानक ठप हो सकता है। बैंकों और अन्य सरकारी कार्यालयों में नेटवर्क फेल होने की वजह से काम ठप रहने की खबरें आपने अक्सर पढ़ी होंगी, तब इस नेटवर्क को सही करने के लिए हार्डवेयर प्रफेशनल्स की ही मदद ली जाती है। नेटवर्किंग दरअसल कंप्यूटरों को आपस में जोड़कर ऐसा जाल बनाने का फील्ड है जिसमें कोई संस्थान काम कर सके। कुल मिलाकर, कंप्यूटर इंस्टॉलेशन से लेकर, इसकी मेंटेनेंस और रोजमर्रा के ऐडमिनिस्ट्रेशन तक का सारा जिम्मा कंप्यूटर सपोर्ट स्पेशलिस्ट्स यानी हार्डवेयर इंजिनियर्स के जिम्मे होता है।**

## कोर्स

हार्डवेयर इंजिनियर बनने के लिए मुख्य रूप से दो बेसिक कोर्स करने पड़ते हैं। पहला, हार्डवेयर और दूसरा बेसिक नेटवर्किंग। हार्डवेयर रिलेटिड कोर्स से कंप्यूटर पार्ट्स के बारे में तमाम तकनीकी जानकारी मिलती है। एक हार्डवेयर इंजिनियर या सिस्टम ऐडमिनिस्ट्रेटर बनने के लिए ये दोनों कोर्स करने बेहद जरूरी हैं। नेटवर्किंग में इससे आगे कोई एक्सपर्ट बनना हो, तो अपनी पसंद के हिसाब से कुछ और बेसिक कोर्स करने होंगे, जैसे - लैन (लोकल एरिया नेटवर्क) और वैन (वाइड एरिया नेटवर्क) से जुड़े कोर्स। नेटवर्किंग से जुड़े कोर्स कराने के लिए कई सरकारी और प्राइवेट संस्थान हैं, जिन्होंने इन कोर्सेज के लिए अपनी अलग पहचान बनाई है। नेटवर्किंग सीखने के लिए तीन तरीके हैं - पहला ऑनलाइन स्टडी मटीरियल की मदद से खुद पढ़ाई, दूसरा ऐसे इंस्टिट्यूट्स जो किसी प्रोग्राम से जुड़े नहीं है और तीसरा सर्टिफाइड प्रोग्राम।



## जॉब की कमी नहीं

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि नेटवर्किंग में कोर्स करने के बाद कंप्यूटर सपोर्ट स्पेशलिस्ट, हेल्प डेस्क टेक्निशन, नेटवर्क या सिस्टम ऐडमिनिस्ट्रेटर, कंप्यूटर सिक्यॉरिटी स्पेशलिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। आज इन एक्सपर्ट्स की जरूरत लगभग हर संस्थान में होती है। फिर चाहे वह कंप्यूटर और डेटा प्रोसेसिंग यूनिट हों, बैंक या अन्य सरकारी कार्यालय, कोई इंडस्ट्री या और कोई छोटी–बड़ी फर्म। जहां भी कामकाज कंप्यूटर आधारित है, वहां इन तकनीकी विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती है। सरकारें जिस तरह ई–गवर्नेंस पर जोर दे रही हैं, उससे यह फील्ड और भी हॉट बनता जा रहा है। इसके चलते स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क और डाटा सेंटर जैसे कई नए फील्ड खुल रहे हैं। कहा जा सकता है कि जब तक कंप्यूटर पर काम होता रहेगा, इन विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती रहेगी। ये किसी भी कंपनी के लिए नेटवर्क और कंप्यूटर सिस्टम की देखभाल से लेकर, एंप्लायीज और कस्टमर्स की तकनीकी जिज्ञासाओं को शांत करने तक का काम करते हैं। एंट्री लेवल पर आपकी जिम्मेदारी केवल नेटवर्क और कंप्यूटर मेंटेनेंस की हो सकती है, लेकिन अनुभव के साथ आपको किसी कंपनी के लिए इंट्रानेट आदि डिवेलप करने का जिम्मा भी दिया जा सकता है।



## मनी मैटर्स

बरसों से आईटी फील्ड में अच्छी–खासी सैलरी रही है। हार्डवेयर प्रफेशनल्स के लिए सॉफ्टवेयर प्रफेशनल्स की तरह मौकों की कोई कमी नहीं है। एंट्री लेवल पर आप 25 से 35,000 रुपये महीने की जॉब पा सकते हैं। अनुभव और समय के साथ इसमें बढ़ोतरी होगी।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com